हिन्दी दैनिक

# राष्ट्र संवाद

आपका राष्ट्र, आपका संवाद

जमशेदपुर से प्रकाशित

मूल्य : दो रुपए

जमशेदपुर,
रविवार,19 अक्टूबर 2025

नगर संस्करण
वर्षः 02,अंकः147

RNI No. : JHAHIN - 01092

rashtrasamvad.com


**सुविचार**

जो स्कूल का दरवाजा खोलता है वो जुर्म का दरवाजा बंद कर देता है ।

## राजनाथ बोले- भारत, पाकिस्तान को जन्म दे सकता है तो...

### मुझे आगे बोलने की जरूरत नहीं; लखनऊ से ब्रह्मोस की पहली खेप रवाना की






**लखनऊ,एजेंसी।** लखनऊ में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को चेतावनी दी। उन्होंने कहा- ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। जीत हमारी आदत है। अब इस आदत को हमें न सिर्फ बनाए रखना है, बल्कि इसे और मजबूत करना है।

उन्होंने कहा- दुश्मनों को पता चल गया है कि उसकी एक-एक इंच जमीन हमारी ब्रह्मोस की जद में है। ऑपरेशन सिंदूर में जो हुआ, वो सिर्फ ट्रेलर था। उस ट्रेलर से ही पाकिस्तान को यह एहसास हो गया कि अगर भारत उसे जन्म दे सकता है तो...आगे मुझे बोलने की जरूरत नहीं है। आप खुद समझदार हैं।

राजनाथ सिंह और सीएम योगी ने लखनऊ की ब्रह्मोस एयरोस्पेस यूनिट से धनतेरस के दिन शनिवार को ब्रह्मोस मिसाइलों की पहली खेप रवाना की। इससे पहले दोनों ने ब्रह्मोस एयरोस्पेस यूनिट में बूस्टर और वारहेड बिल्डिंग का उद्घाटन किया। दोनों ने सुकोई लड़ाकू विमान (SU-30) के जरिए ब्रह्मोस के वर्चुअल हमले को देखा। ब्रह्मोस एयरोस्पेस यूनिट का उद्घाटन 5 महीने पहले 11 मई 2025 को हुआ था। यूनिट मिसाइल इंटीग्रेशन, टेस्टिंग और क्वालिटी एग्जामिनेशन जैसी मॉडर्न सुविधाओं से लैस है। बता दें कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और रूसी रक्षा कंपनी एनपीओ मशीनोस्ट्रोयेनिया की तरफ से डिजाइन की गई ब्रह्मोस ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के सैन्य बुनियादी ढांचों को तबाह कर दिया था।

### अब भारत टेकर नहीं, गिवर की भूमिका में

राजनाथ सिंह ने कहा- ब्रह्मोस जैसी उपलब्धियों से मेड इन इंडिया ग्लोबल ब्रांड बन गया। अब हम फिलीपींस को ब्रह्मोस निर्यात करेंगे। यानी अब भारत टेकर नहीं, गिवर की भूमिका में आ गया है। इस बड़ी फैसिलिटी के साथ यूपी में छोटे व्यवसायियों के लिए बड़ा मौका डेवलप हो रहा है। छोटे-छोटे पार्ट्स बड़े प्रोजेक्ट में जरूरी होते हैं इसलिए इस यूनिट से कई तरह के फायदे हैं। यूपी से ब्रह्मोस मिसाइल की डिलीवरी हो रही है। इसका जीएसटी सरकार को मिला।

इस तरह से मां लक्ष्मी की कृपा सेना के साथ इकोनॉमी पर भी हो रही है। एक मिसाइल से मिलने वाली आय से सरकार कई हॉस्पिटल बना सकती है। राजनाथ ने कहा-आंतरिक या बाह्य सुरक्षा के हर मौके पर यूपी आगे है। 200 एकड़ में ब्रह्मोस की यह फैसिलिटी फैली है। यहां से हर साल 100 मिसाइलें बनेंगी। मिसाइल आर्मी को भी मिलेंगी और नेवी को भी मिलेंगी। कुछ समय पहले तक यहां गुंडाराज और लॉ एंड ऑर्डर गड़बड़ था। यह यूनिट देश की बढ़ती ताकत की पहचान है। देश के किसी भी हिस्से में ब्रह्मोस की चर्चा करते हैं तो उनके जेहन में मिसाइल के साथ विश्वसनीयता का भाव आ जाता है। बच्चे से लेकर वृद्ध तक, लड़कियों से लेकर महिलाओं तक, सबको यह विश्वास हो जाता है कि हमारे ऊपर मजबूती की छांव है। ब्रह्मोस तीनों सेनाओं की रीढ़ है।

## धनतेरस की अनेकानेक शुभकामनाएं...

### पीएम मोदी बोले मैं हर किसी के सुख, सौभाग्य और आरोग्य की कामना करता हूं



**नई दिल्ली,एजेंसी।** धनतेरस के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि देश के मेरे सभी परिवारजनों को धनतेरस की अनेकानेक शुभकामनाएं। इस पावन अवसर पर मैं हर किसी के सुख, सौभाग्य और आरोग्य की कामना करता हूं। भगवान धन्वंतरि सबको अपना भरपूर आशीर्वाद दें। वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई प्रमुख नेताओं ने शनिवार को धनतेरस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं।

योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि आप सभी को पावन पर्व धनतेरस की हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं!

## पंजाब डीआईजी ने 5 जगहों पर छिपाया था गोल्ड-कैश

**चंडीगढ़,एजेंसी।** पंजाब पुलिस के DIG हरचरन सिंह भुल्लर ने चंडीगढ़ की कोठी में 5 जगह कैश और गोल्ड छुपा रखा था। छापा मारने गई CBI की टीम से जुड़े सूत्रों ने बताया कि DIG ने बेड के अंदर कैश रखा था।

क्रॉकरी की अलमारी में भी निचले हिस्से में कैश भरा हुआ था, जिसे लॉक किया गया था। DIG ने सामान की 2 आलमारियों में सोना छिपाकर रखा था। कैश और गोल्ड को इस तरह से रखा गया था कि बाहर से देखने पर किसी को शक न हो।

DIG भुल्लर की एक महीने की सैलरी करीब 2.64 लाख रुपए बनती थी, लेकिन कैश और गोल्ड बरामदगी से पता चला कि वह लग्जरी लाइफ जी रहे थे। लुधियाना में उनके समराला फार्महाउस से जो शराब की बोतलें मिली हैं, उनमें से कई 50 हजार से ज्यादा कीमत की हैं।

CBI ने DIG भुल्लर और उनके एजेंट कृष्नु को 16 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। मंडी गोबिंदगढ़ के स्क्रैप कारोबारी आकाश बत्रा से 8 लाख रिश्वत लेते हुए पहले एजेंट कृष्नु को सेक्टर-21 से पकड़ा गया था।

## शादी का प्रस्ताव ठुकराया तो युवक ने कॉलेज छात्रा का गला रेता

### पिता की शिकायत पर पड़ोसी गिरफ्तार

**बंगलूरू,एजेंसी।** कर्नाटक की राजधानी बंगलूरू में पुलिस ने 20 वर्षीय कॉलेज छात्रा की हत्या के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि कॉलेज छात्रा के शादी से इनकार करने पर मुख्य आरोपी विग्नेश (28 वर्षीय) ने कथित तौर पर गुस्से और हताशा में उसकी हत्या कर दी। आरोपी विग्नेश, पीड़िता का पड़ोसी है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता की गला रेतकर हत्या की गई और उसका शव रेलवे ट्रैक के पास से बरामद हुआ। यह घटना 16 अक्टूबर को दोपहर करीब 2.30 बजे हुई, जब फार्मेसी प्रथम वर्ष की छात्रा और स्वतंत्र पाल्या इलाके की निवासी यामिनी प्रिया कॉलेज से घर लौट रही थी। कथित तौर पर विग्नेश उसके पास आया और उससे शादी करने का आग्रह किया।

## बिहार विधानसभा चुनाव : नाराज झामुमो ने की छह सीटों पर उम्मीदवार उतारने की घोषणा

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**रांची।** बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन में तकरार के बीच अब झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने गठबंधन ने नाता तोड़ने का ऐलान किया है। झारखंड में सत्तारूढ़ झामुमो ने शनिवार को बिहार विधानसभा चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ने और छह सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने की घोषणा की है। बिहार चुनाव में झामुमो महागठबंधन से अलग हो गया है। झामुमो बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 6 सीटों पर चुनाव लड़ेगा। 6 सीटों में चकाई, धमदाहा, कटोरिया, पिरपैंती, मनीहारी और जमुई शामिल हैं। इसमें कटोरिया और मनिहारी अनुसूचित जनजातीय आरक्षित सीटें हैं, जबकि पिरपैती अनुसूचित जाति सीट है।

झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भटटाचार्य ने शनिवार को पार्टी के कैंप कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि उनकी पार्टी बिहार विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद झारखंड महागंठबंधन में शामिल राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस को लेकर समीक्षा बैठक कर कोई बड़ा निर्णय ले सकता है।

सुप्रियो ने दो टूक शब्दों में कहा कि महागठबंधन का यह कृत्य झामुमो के कार्यकर्ताओं के साथ धोखा है। गुरूजी (शिबू सोरेन) ने झामुमो को लड़ना सीखाया है। हमने लड़कर ही बिहार से झारखंड को अलग बनाया है। हम जानते हैं बिहार का जो दलीत और वंचित समाज है, वह गुरूजी के आदर्शों के साथ खड़ा है। बिहार में झामुमो हेमंत सोरेन की अगुवाई में लड़ेगा और हम चुनाव जीतेंगे। साथ ही हम यह तय करेंगे बिहार की अगली सरकार बगैर झामुमो समर्थन के नहीं बनेगा। दरअसल, झामुमो ने महागठबंधन से 16 सीटों की मांग की थी। बाद में झामुमो 12 सीटों पर आ गया। सीटों के लिए झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडेय और मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने पटना में बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव, झारखंड प्रभारी जय प्रकाश नारायण यादव, भोला यादव और अन्य वरीय नेताओं से मुलाकात भी की थी, लेकिन नतीजा झामुमो के पक्ष नहीं आया और अब झामुमो के नेताओं ने बिहार के छह विधानसभा क्षेत्रों से अपना उम्मीदवार उतारने का ऐलान कर दिया है। बिहार के लिए पार्टी ने जारी की 20 स्टार प्रचारकों की सूचीबिहार चुनाव को लेकर झामुमो ने 20 स्टार प्रचारक की सूची भी जारी की है। चुनाव प्रचार की कमान खुद पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हथों में होगी। इसके अलावा प्रोफेसर स्टीफन मरांडी, सरफराज अहमद, बैजनाथ राम, कल्पना मुर्मू सोरेन, बसंत सोरेन, विनोद कुमार पांडेय, फागू बेसरा, सुप्रियो भटटाचार्य, दीपक बिरूआ, मिथलेश ठाकुर, हफिजूल हसन अंसारी, अभिषेक कुमार उर्फ पिंटू, पंकज मिश्रा, विजय हांसदा, हेमलाल मूर्मू, मोहम्मद ताजुदीन, पुरई शंकर सिंह, सुनिल कुमार श्रीवास्ताव सहित अन्य नेताओं के नाम शामिल हैं।

## झामुमो को बिहार में सीट नहीं मिली, बोली भाजपा- बड़े बे आबरू होकर तेरे कूचे से निकले हम

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा(झामुमो) को बिहार में महागठबंधन की ओर से एक भी सीट नहीं दिए जाने पर जमकर निशाना साधा। प्रतुल ने सोशल मीडिया एक्स पर शनिवार को लिखा है कि उन्हें झामुमो की इस बेइज्जती से मिर्जा गालिब का शेर याद आ गया। बड़े बे आबरू होकर तेरे कूचे से निकले हम।

उन्होंने कहा कि बिहार में सीट बंटवारे के दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के साथ जो व्यवहार महागठबंधन ने किया, वह न केवल राजनीतिक अपमान है बल्कि झामुमो की खोखली राजनीतिक हैसियत को भी उजागर करता है। उन्होंने कहा कि झामुमो बिहार में महागठबंधन से 12 सीटों की मांग कर रहा था, लेकिन उन्हें एक भी सीट नसीब नहीं हुई। यह उस पार्टी के लिए सबसे बड़ा राजनीतिक तमाचा है, जो खुद को महागठबंधन की रीढ़÷ कहती फिरती है। शाहदेव ने कहा कि बिहार में तो झामुमो को दरवाजे से अंदर घुसने नहीं दिया गया और झारखंड में यही झामुमो राजद जैसे दल को अपने सिर पर बैठाए घूम रहा है। यही नहीं, राजद का न तो झारखंड में कोई जनाधार है, न संगठन, लेकिन झामुमो ने उन्हें मंत्रिमंडल में मंत्री पद तक दे दिया। अब सवाल यह है कि क्या इस अपमान के बाद झामुमो झारखंड में राजद के मंत्री को मंत्रिमंडल से बाहर करेगा या फिर महागठबंधन में बने रहने के लिए चुपचाप इस बेज्जती को निगल जाएगा।झामुमो का यह मौन झारखंड की जनता भी देख रही है। बिहार में दरकिनार और झारखंड में झुककर रहने की यह दोहरी राजनीति बताती है कि झामुमो अब अपनी राजनीतिक अस्मिता खो चुका है।

उन्होंने कहा कि झारखंड में राजद को मंत्री बनाकर झामुमो ने जो 'गठबंधन धर्म' निभाया था, उसका 'बिहार अध्याय' महागठबंधन ने अब पूरी तरह बंद कर दिया। आज तो झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस और राजद ने उनके पीठ पर खंजर भोंका है। कह सकते हैं कि झामुमो अब न घर का रहा, न घाट का। लंबे समय से झारखंड मुक्ति मोर्चा झारखंडी अस्मिता के विपरीत बिहार के चौराहे पर खड़ा होकर कटोरा लेकर सीटों के लिए भिक्षा मांग रहा था।

## अवैध खनन रोकने में विफल थाना प्रभारी एवं खनन अधिकारी पर हो कार्रवाई : मधु कोड़ा




राष्ट्र संवाद संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने जिले के नोवामुंडी थाना क्षेत्र में हुए कथित अवैध लौह अयस्क खनन मामले में गंभीर आरोप लगाते हुए थाना प्रभारी और जिला खनन पदाधिकारी पर पद का दुरुपयोग करने और मामले को दबाने का प्रयास करने का आरोप लगाया है।शनिवार को चाईबासा के जुबली तालाब स्थित कैफेटेरिया में आयोजित प्रेस वार्ता में मधु कोड़ा ने बताया कि 14 अक्टूबर की रात लगभग 12:30 बजे उन्हें सूचना मिली थी कि नोवामुंडी रेलवे साइडिंग नंबर-5 के पास अवैध खनन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही वे अपने सुरक्षा कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और देखा कि कई ट्रक, लोडर और जेसीबी मशीनें लौह अयस्क की लोडिंग कर रही थीं। उन्होंने बताया कि मौके से उन्होंने दो लोडेड ट्रक, एक जेसीबी और एक पेलोडर सहित कई वाहनों को जब्त कर पुलिस को सौंपा, लेकिन थाना प्रभारी ने कई घंटे बाद भी कार्रवाई की और तीन दिन बीतने के बाद भी कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई। मधु कोड़ा ने यह भी आरोप लगाया कि जिला खनन पदाधिकारी ने भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं किया और मामले की जांच में लापरवाही बरती।











## पंजाब से बिहार जा रही गरीब रथ ट्रेन में आग



**लुधियाना,एजेंसी।** पंजाब के अमृतसर से बिहार के सहरसा जा रही गरीब रथ ट्रेन (12204) में शनिवार सुबह पंजाब के सरहिंद स्टेशन के पास आग लग गई। यह आग 19 नंबर AC बोगी में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। इसमें लुधियाना के भी कई व्यापारी सफर कर रहे थे। बोगी नंबर 19 में सवार एक यात्री ने आग लगते ही ट्रेन की चेन खींच दी। इससे ट्रेन रुक गई। इसके बाद बोगी में सवार यात्री अपना सामान छोड़कर तुरंत नीचे उतरे। अफरातफरी के बीच ट्रेन से उतरने में कई यात्रियों को चोटें आई हैं। एक यात्री को ज्यादा चोट लगी है। कुछ यात्री अपने बच्चों के साथ सफर कर रहे थे। उधर, सूचना मिलते ही रेलवे, फायरबिग्रेड और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। आग में बोगी नंबर 19 पूरी तरह चल गया। 18 नंबर बोगी को भी नुकसान पहुंचा है। जली बोगी को अलग करने के बाद ट्रेन को 3 घंटे बाद अंबाला के लिए रवाना किया गया। उधर, रेलवे की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

### सरयू राय ने डीसी लाउंज प्रकरण में एसएसपी को पत्र लिखा

# साढ़े 11 बजे रात में बिष्टुपुर थाना प्रभारी साकची डीसी लाउंज क्यों पहुंचे?:सरयू राय

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**पूरे मामले में बिष्टुपुर थाना प्रभारी और गोपाल पाण्डेय की भूमिका संदेहास्पद**

**बिष्टुपुर थाना द्वारा डीसी लाउंज में हुई तोड़फोड़ की निष्पक्ष जाँच की उम्मीद नहीं**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने डीसी लाउंज के बिष्टुपुर एवं साकची स्थित प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ के संबंध में गंभीर सवाल उठाए हैं। इस संबंध में उन्होंने वरीय पुलिस अधीक्षक को एक पत्र भी लिखा है।

सरयू राय ने एसएसपी को लिखे पत्र में जानना चाहा है कि बिष्टुपुर थाना थाना प्रभारी किस कारण से रात में 11.30 बजे अचानक साकची डीसी लाउंज के स्थल पर गए, जहाँ शाम 6.30 बजे बिष्टुपुर रामदास भट्ठा से गए हमलावरों ने वहां के लोगों पर इंजेक्शन सिरिंज जैसे घातक हथियारों से हमला किया था?

सरयू राय ने यह भी जानना चाहा कि आखिर क्यों बिष्टुपुर थाना प्रभारी, साकची थाना के क्षेत्राधिकार में आधी रात को गए और आधा घंटा तक साकची के स्थानीय लोगों को डराया-धमकाया? क्या इसके लिए इन्होंने जिला पुलिस के वरीय अधिकारियों से निर्देश लिया था? उन्होंने जानना चाहा कि आखिर क्यों बिष्टुपुर थाना प्रभारी से अधिक सक्रिय बिष्टुपुर के एक अन्य पुलिस पदाधिकारी गोपाल पाण्डेय दिखा रहे थे। उन्होंने साकची डीसी लाउंज के सामने स्थित ट्यूशन पढाने वाली शिक्षिका के घर में छुपे हुए उस युवक को बाहर निकाला और अपने साथ ले गए। वह युवक कौन है? उसके वहाँ से निकालने से पहले बिष्टुपुर थाना प्रभारी ने साकची थाना प्रभारी से संपर्क किया था या नही?

जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक ने जानना चाहा कि जिस हमलावर समूह ने साकची डीसी लाउंज के सामने मारपीट की, हिंसा फैलायी और बाद में रामदास भट्ठा, बिष्टुपुर डीसी लाउंज के भीतर घुसकर तोड़फोड़ की, क्या उसका हित साधने के लिए और साकची के घटना स्थल पर सुबूत मिटाने के लिए बिष्टुपुर थाना प्रभारी और गोपाल पाण्डेय वहाँ गए थे? चूंकि डीसी लाउंज के बिष्टुपुर रामदास भट्ठा में हुई तोड़फोड़ भी साकची में हुए हमले का प्रतिफल है, इसलिए इसको प्रतिक्रिया में किए



गए तोड़फोड़ की घटना के रूप में बताकर अलग करना ठीक नहीं है। यदि बिष्टुपुर थाना प्रभारी और गोपाल पाण्डेय का रवैया ऐसा है तो बिष्टुपुर थाना द्वारा डीसी लाउंज में हुई तोड़फोड़ की निष्पक्ष जाँच की उम्मीद कैसे की जा सकती है? श्री राय जानना चाहते हैं कि उसी दिन शाम के 6.30 बजे डीसी लाउंज, साकची में रामदास भट्ठा के हमलावर समूह की जो मोटरसाइकिलें वहाँ रह गयी थी, उन मोटरसाइकिलों को छुड़ाने के लिए बिष्टुपुर थाना प्रभारी उन युवकों को अपने साथ लेकर गए, जो शाम 6.30 बजे हुई मारपीट में शामिल थे। श्री राय का कहना है कि एक थाना प्रभारी का कर्तव्य यह होना चाहिए था कि उन मोटरसाईकिलों का इंवेंट्री बनाते, उन्हें जब्त करते, इस बारे में पूछताछ करते और साकची थाना प्रभारी से संपर्क कर उन्हें सुपुर्द करके कारवाई आगे बढ़ाने के लिए बीएनएस की प्रासंगिक धाराओं में मुकदमा दर्ज करते। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। बिष्टुपुर थाना प्रभारी ने अपने क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर मोटरसाइकिलों को हमलावरों को दे दिया और एक हमलावर जो वहाँ ट्यूशन पढ़ानी वाली शिक्षिका के घर में छुपा था, उसे निकालकर अपने साथ लेते चले गए। ऐसी उम्मीद कानून के रखवाला से नहीं किया जा सकता है। यह एक आपराधिक कृत्य है।

सरयू राय ने पत्र में लिखा है कि आज के अखबारों में खबर छपी है, जिसमें पुलिस अधीक्षक (नगर) कह रहे हैं कि एसआईटी बनाकर उन्होंने अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है और डीसी लाउंज में तोड़फोड़ में इस्तेमाल किए हथौड़े को भी बरामद कर लिया है। जमशेदपुर पुलिस इसे अपनी उपलब्धि समझ रही है। श्री राय के अनुसार, उनके पास डीसी लाउंज के साकची प्रतिष्ठान के सामने गत 13 अक्टूबर की संध्या करीब 6.30 बजे हुई सुनियोजित मारपीट की सीसीटीवी फुटेज और वीडियो फुटेज आए हैं। इनको देखने से लगता है कि 30-40 युवकों के समूह ने सुनियोजित तरीके से डीसी लाउंज के सामने मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। इनमें से अधिकांश युवक स्पोर्टस जर्सी पहने हुए हैं जिनमें आरडी भट्ठा अंकित है। इनके साथ वह शिक्षिका भी दिखाई पड़ रही है, जिनके यहाँ बच्चे ट्यूशन पढ़ते हैं।

सरयू राय ने पत्र में लिखा है कि जब साकची मोहल्ला के लोगों ने प्रतिकार किया तो कुछ देर बाद हमलावर वहाँ से भाग गए। उनकी पाँच मोटरसाईकिलें वहीं छूट गईं। वही उपद्रवी समूह बिष्टुपुर के रामदास भट्ठा स्थित डीसी लाउंज के सामने आया। वीडियो फुटेज के अनुसार उनमें से तीन लोग डीसी लाउंज के भीतर प्रवेश कर गए, जिनमें से एक तोड़फोड़ कर रहा है। बाकी जमात बाहर से उनका हौसला बढ़ा रही थी।

सरयू राय ने इस बात पर चिंता जताई कि रात करीब 11.30 बजे बिष्टुपुर थाना के प्रभारी वहाँ के एक पुलिस पदाधिकारी गोपाल पाण्डेय, थाना प्रभारी के बॉडीगार्ड एवं अन्य पुलिसकर्मी साकची डीसी लाउंज के पास पहुँचे। वहाँ से उनके साथ हमलावर समूह के भी आधा दर्जन से अधिक युवक मौजूद थे। बिष्टुपुर के थाना प्रभारी ने हमलावरों की मोटरसाइकिलें जो वहाँ छूट गयी थी, उन्हें उन युवकों को सुपुर्द कर दिया। फिर वे हमलावर युवक अपनी मोटरसाईकिलों को लेकर वहाँ से चले गए। इतना ही नहीं बिष्टुपुर थाना प्रभारी वहाँ तब तक डटे रहे जब तक कि रामदास भट्टा का एक युवक जो ट्यूशन पढ़ाने वाली शिक्षिका के घर पर छुपा हुआ था, बाहर नहीं आ गया। उसके बाद बिष्टुपुर थाना प्रभारी ने वहाँ से निकले। श्री राय ने कहा कि कल के प्रेस कांफ्रेंस में पुलिस अधीक्षक (नगर) ने जो भी कहा, वह पता नहीं किसके द्वारा दी गयी जानकारी के आधार पर कहा। इस मामले के उनके अधीनस्थ प्रतिनिधियों ने उन्हें गुमराह किया है। ऐसा प्रतीत होता है कि उन्होंने आधी-अधूरी जानकारी जल्दबाजी में अफरा-तफरी में प्रेस कांफ्रेंस में दे दी।

श्री राय ने एसएसपी से आग्रह किया है कि वे उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के अधार पर हमले की गंभीरता से जांच करें और बिष्टुपुर के थाना प्रभारी और गोपाल पाण्डेय से इस बारे में स्पष्टीकरण पूछें। उनके आचरण की भी जाँच करें। इस मामले को सुलझाया हुआ मान लेने से शहर में खासकर रामदास भट्टा के इलाके में कानून व्यवस्था की स्थिति आने वाले समय में और खराब हो सकती है।

## लीड इंडिया पब्लिशर्स एसोसिएशन ने भ्रामक वेबसाइटों पर रोक की मांग की, राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष सिंह ने उठाया मुद्दा

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**नई दिल्ली:** लीड इंडिया पब्लिशर्स एसोसिएशन ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को पत्र लिखकर कुछ भ्रामक और कथित समाचार वेबसाइटों पर अंकुश लगाने की मांग की है। एसोसिएशन का कहना है कि ये वेबसाइटें भ्रष्टाचार, ब्लैकमेलिंग और अधिकारियों की छवि धूमिल करने में सक्रिय हैं, जबकि इनमें से अधिकांश का सूचना मंत्रालय या फठक से कोई संबंध नहीं है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष सिंह ने बताया कि दीपावली और छठ



गीतों के आयोजन के बाद इस मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री, प्रेस काउंसिल के अध्यक्ष और RNI कार्यालय से मिलकर गंभीरता पूर्वक विचार-विमर्श किया जाएगा।

पत्र में यह भी कहा गया कि कुछ वेबसाइटें खुद को अखबार के नाम पर चलाती दिखाती हैं और दावा करती हैं कि उनके संचालन की जानकारी फठक को है, जबकि यह वास्तविकता के विपरीत है। एसोसिएशन ने चेताया कि चुनावी समय इन वेबसाइटों ने कथित समाचारों के जरिए जनता को भ्रमित करने और पत्रकारिता की गरिमा के साथ खिलवाड़ किया।

लीड इंडिया पब्लिशर्स एसोसिएशन ने मंत्रालय से आग्रह किया है कि इन अवैध और भ्रामक वेबसाइटों की जांच कर उन्हें सख्त कानूनी कार्रवाई के दायरे में लाया जाए।

## कोल ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों के आगे अधिकारी दिखने लगे बेबस, आम जनता परेशान

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चतरा जिला में कोल ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों की चलती है अपना नियम कानून**

**चतरा:** चतरा जिले के टंडवा कोयलांचल नगरी में कोल ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों के आगे आम जनता त्राहिमाम कर रही है। बताया गया जेआरएल, ओसेल और गोदावरी कोल ट्रांसपोर्टिंग कंपनी पब्लिक सड़कों को अपना कोल ढुलाई में मनमानी का आरोप है। जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़



रहा है। इन गंभीर समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने एक बैठक कर विरोध जताया हैं।

ग्रामीण राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि निषिद्ध रूप से पब्लिक सड़कों पर हाइवा द्वारा कोल ट्रांसपोटिंग करवाई जा रही है जिसका जाँच होने पर मैनेजिंग के नाम पर नियम विरुद्ध का मामला का पदार्फाश होना तय है। राजेंद्र प्रसाद ने कहा ओसेल कंपनी के लाइजनर प्रवेज और बंगाली स्वपन पर वरीय अधिकारी के द्वारा जान होने पर बड़ा सिंडिकेट का मामला उजागर होने का दावा किया है।

## शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु उपायुक्त ने की समीक्षात्मक बैठक

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चतरा:** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त कीर्तिश्री जी की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा को लेकर विभागीय समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में प्रखण्डवार शैक्षणिक स्थिति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सिमरिया प्रखण्ड के स्टूडेंट डाटा प्रोग्रेशन की स्थिति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण की मांग की। साथ ही प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को खराब स्थिति वाले विद्यालयों में अनुश्रवण कर स्थिति में सुधार लाने का निर्देश दिया गया।प्रखण्ड



एमआईएस समन्वयक, चतरा अजय कुमार द्वारा कार्य में लापरवाही एवं वरीय मौखिक आदेश के अनुपालन में टालमटोल किए जाने के कारण नियोक्ता कंपनी को सेवा समाप्ति का निर्देश दिया गया। इसके अलावा, कुंदा प्रखण्ड के प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी महेंद्र प्रसाद से विभिन्न कार्यक्रमों में धीमी प्रगति एवं वरीय अधिकारियों के प्रति अभद्र व्यवहार को लेकर भी कारण पृच्छा कर संविदा समाप्ति की प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया गया। पोषण अभियान में सही आंकड़ा उपलब्ध नहीं कराने पर हंटरगंज, लावालौंग एवं प्रतापपुर प्रखण्ड के कार्यक्रम पदाधिकारियों के एक वार्षिक मानदेय वृद्धि पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी मानकों में खराब प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों की विशेष समीक्षा करने का निर्देश दिया और इसके लिए संबंधित आंकड़ा तत्काल उपलब्ध कराने को कहा है। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को अगली बैठक से पूर्व सभी कार्यक्रमों की प्रगति में ठोस सुधार सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी राम, वार्डेन सह-शिक्षिका, लेखापाल सह-कंप्यूटर ऑपरेटर, बी.ई.ओ., बी.पी.ओ., ए.डी.पी.ओ. राकेश कुमार पांडेय सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थें।

## कुंडहित में दीदी कैफे का हुआ उद्घाटन

राष्ट्र संवाद सं

**कुंडहित:** प्रखंड मुख्यालय स्थित दीदी कैफे का शुभारंभ जिला परिषद सदस्य बंदना खा एवं रीना मंडल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर रीना मंडल के प्रतिनिधि भजहरी मंडल और प्रखंड के प्रधान लिपिक अबरार अहमद खान, टीएमसी जिला अध्यक्ष मुस्ताक शेख सहित कई स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

दीदी कैफे का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना है। उद्घाटन समारोह के दौरान उपस्थित अतिथियों ने महिलाओं के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि इस तरह की पहल से ग्रामीण



अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। जिला परिषद सदस्य बंदना खा ,जिला परिषद सदस्य रीना मंडल व उनके प्रतिनिधि भजहरि मंडल ने संयुक्त रूप से कहा कि दीदी कैफे न केवल स्वादिष्ट व स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराएगा, बल्कि यह महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बनेगा।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने दीदी कैफे की टीम को शुभकामनाएं दीं और स्थानीय जनता से इस पहल को समर्थन देने की अपील की। इस अवसर पर कैफे संचालित करने वाली महिलाओं ने बताया कि अब वे अपने दम पर रोजगार की नई राह पर अग्रसर हैं।

## धनतेरस पर बाजार रही गर्म,दुकानो में भीड़,जेवरात ,बाईक की हुई खूब खरीदारी

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चतरा:** धनतेरस को लेकर प्रखंड के लोगो में गजब का उत्साह देखा गया। बाजारो में सुबह से ही भीड देखी गई। वही मुख्यालय के मुख्य बाजार धनतेरस को लेकर काफी गर्म रही।बाजारो में काफी भीड़ भाड के साथ सभी दुकानो में भीड़ देखी गई। पुरूष- महिला सभी घर छोड़कर बाजारो में दीपावली एवं धनतेरस की मनपसन्द चीजे,जेवरात,चांदी के सिक्के,श्रृंगार की वस्तुएं,लक्ष्मी-गणेश भगवान की मूर्तियां,साज सजावट की समाग्री,फोटो,इलेक्ट्रोनिक्स समाग्री बल्ब,साईक,लरी लाईट बाईक, बर्तन की खरीदारी खूब किया गया। मुख्यालय के मुख्य बाजारो में मैक फैशन शोप, सुभाष जेनरल स्टोर,किशोर जेनरल स्टोर,संजय श्रृंगार स्टोर,पूजा की दुकानो, कपड़ो की दुकानो में काफी भीड देखी गई। वही गौतम हिरो होन्डा शो रूम,रामपुर स्थित गजेन्द्र बाईक शो रूम,सौरव बाईक शो रूम में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रो के लोगो के द्वारा बाईक की खरीदारी की गई ।बता दे कि देश के हर क्षेत्रो में सोने - चांदी के भाव चढने के बाबजूद भी ग्राहको की भीड़ ज्वेलरी दुकानो में देखी गई ।लोगो का मानना है कि धनतेरस के दिन अपने राशि के अनुसार वस्तुएं खरीदनी चाहिए ।वही धनतेरस के दिन नमक एवं झाड़ु खरीदना शुभ माना जाता है। साफ सुथरी झाड़ु व नमक सिर्फ बुरी ऊर्जा को दूर नही करती बल्कि घर में सुख, शांति और समृद्धि लाती है।धनतेरस को लेकर प्रखंड के तमाम जनप्रतिनीधी, प्रशासन, पुलिस प्रशासन ने प्रखंड वासियों को बधाई दिया है।

## नियमों को ताक पर रख कर ग्रामीण सड़क से जारी है टंडवा एनटीपीसी के फ्लाइ एश का परिवहन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**फ्लाइएश परिवहन के लिए एनजीटी के तय मानक का नहीं हो रहा है पालन**

**ग्रामीण सड़क से दुलाई कर मौत बांट रहे हैं राख ढोने वाले कंपनियां, अधिकारियों बेखबर**

**राँची/चतरा:** कोल डस्ट के इलाके में रहनेवाले टंडवा पिपरवार खलारी कोयलांचल के लोग पहले कोयला धूल से परेशान तो थे ही इन दिनों सफेद डस्ट से परेशान हैं। सैकड़ो हाइवा से सफेद डस्ट एनटीपीसी टंडवा से फ्लाइएश लेकर सड़क मार्ग से परिवहन के दौरान टंडवा पिपरवार खलारी की सड़कों पर गिरते रहता है। एनटीपीसी टंडवा से प्रतिदिन दर्जनों हाइवा से फ्लाइएश लेकर अपने गंतव्य के लिए जा रहे हैं। नियम के अनुसार पर्यावरण अनुकूल तरीके से फ्लाइएश का परिवहन किया जाना है। एनजीटी द्वारा भी फ्लाइएश परिवहन के लिए मानक तय किए गए हैं। परंतु पर्यावरण रक्षा के सभी नियमों को ताक पर रख कर फ्लाइ एश का सड़क मार्ग से परिवहन किया जा रहा है। परिवहन के दौरान जगह-जगह फ्लाइ एश सड़क पर गिरता जाता है। फ्लाइ एश ढो रहे हाइवा ओवरलोड भी होते हैं। इस दौरान काफी मात्रा में राख सड़क पर गिरता जाता है और वाहनों के चक्के से घूमता हुआ वातावरण में फैल जाता है। टंडवा कल्याणपुर पिपरवार खलारी सिमरिया केडी बाजार की स्थिति है कि सुबह दुकानदार दुकान की सफाई करते परेशान हो जाते हैं। बंद दुकान के अंदर तक राख फैला होता है। वहीं सड़क पर गिरा राख सारा दिन वाहनों के पीछे उड़ कर लोगों को परेशान करता रहता है।

**स्वास्थ्य के लिए काफी हानिकारक है फ्लाइ एश**

ग्रामीण सड़क मार्ग से परिवहन के दौरान वातावरण में फैल रहा फ्लाइ एश स्वास्थ्य के लिए काफी हानिकारक है। फ्लाइ एश को दुनिया भर में एक पर्यावरणीय खतरा माना जाता है। इसमें पर्याप्त मात्रा में सिलिकॉन डाइआक्साइड, एल्युमीनियम आक्साइड, फेरिक आक्साइड और कैल्शियम आक्साइड शामिल होते हैं। फ्लाइ एश के कण जहरीले वायु प्रदूषक हैं। वे हृदय रोग, कैंसर, श्वसन रोग और स्ट्रोक को बढ़ा सकते हैं। इसकी ढुलाई बंद गाड़ियों में नहीं की गयी तो आने वाले दिनों में इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर दिखने लगेगा।

**स्थानीय लोगों में बढ़ रही है नाराजगी**

फ्लाइ एश ढुलाई पर रोक के लिए पिपरवार खलारी के व्यवसायी संघ व खलारी डेवलपमेंट में प्रशासन को ज्ञापन दिया है। लोगों ने पूरी तरह से टंडवा पिपरवार खलारी केडी मार्ग से ढुलाई बंद करने की मांग की है। बावजूद अभी तक इस पर कोई पहल प्रशासन के द्वारा होता नहीं देख लोग नाराज है।

## सार-संक्षेप

### मुखिया सूरजमुखी हेंब्रम के प्रयास से अहमद खान को मिला जन्म प्रमाण पत्र

राष्ट्र संवाद सं

**जामताड़ा:** बागडेहरी पंचायत की मुखिया सूरजमुखी हेंब्रम के प्रयास से नोडीहा गांव निवासी अबुबक्कर खान के पुत्र अहमद खान का जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। अहमद खान का जन्म प्रमाण पत्र लंबित था, जिसके कारण परिवार को कई सरकारी कार्यों में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। मुखिया सूरजमुखी हेंब्रम को जब इस बात की जानकारी मिली, तो उन्होंने तुरंत पहल करते हुए पंचायत कार्यालय के माध्यम से सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कराईं।



मुखिया के प्रयासों से जल्द ही जन्म प्रमाण पत्र जारी हो गया, जिससे अहमद खान और उनके परिवार ने राहत की सांस ली। परिवार ने मुखिया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सूरजमुखी हेंब्रम आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेकर उनके समाधान के लिए तत्पर रहती हैं।

मुखिया ने कहा कि जन्म प्रमाण पत्र हर नागरिक का मूल अधिकार है और पंचायत क्षेत्र के प्रत्येक बच्चे का प्रमाण पत्र बनवाना उनका संकल्प है। उन्होंने लोगों से अपील की कि जिन बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र अब तक नहीं बना है, वे जल्द पंचायत कार्यालय से संपर्क करें ताकि किसी को भी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाई न हो।

### एजेंसी के गवाह बता कर आम्रपाली में करोड़ों का भाड़ा डकारने वाले पर जारी हुआ गिरफ्तारी वारंट

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चतरा:** टंडवा कोयलांचल में एनआईए एजेंसी के नाम पर सरकारी बॉडीगार्ड के भय दिखाकर दहशत फैलाकर कोयले के दुलाई करा कर करोड़ो का भाड़ा डकारने वाले सुरेश यादव के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ है। गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद पुलिस गिरफ्तारी के लिए अभियान में जुट गई है। बताया गया सुरेश यादव के खिलाफ सात मामले दर्ज है। वही एक मामले टंडवा कांड संख्या 174/25 में गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ है। गिरफ्तारी वारंटी जारी होने के बाद सुरेश यादव गुप्त स्थान पर छुपाने के लिए फरार है। बताया गया सुरेश यादव एक पेट्रोल पंप से 60 लाख रुपया का डीजल लेकर अपना बॉडीगार्ड और एजेंसी का सरकारी गवाह के आड़ में बकाया रु नहीं दिया। मामले में पंप संचालक द्वारा सुरेश यादव के विरुद्ध मामला दर्ज कराया। इसके बाद गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ है। सुरेश यादव पर वारेंट जारी होने के बाद कई ट्रक और हाइवा मालिको ने मोर्चा खोलते हुए तत्काल पुलिस कार्रवाई की मांग किया है। ताकि अन्य कई लोगों का बकाया भाड़ा मिल सके। बताया गया सुरेश यादव आम्रपाली में 2018 में एक ब्रोकर के रूप में काम प्रारंभ किया। इसी के बदौलत एनआईए एजेंसी के गवाह और सरकारी बॉडीगार्ड के प्रभाव दिखाकर परियोजना में अवैध कार्य करके करोड़ों का संपत्ति अर्जित किया। इसी दौरान आम्रपाली में सुरेश यादव द्वारा ट्रांसपोटिंग और लिफ्टिंग के भी काम किया गया। जिसमें सैकड़ो ट्रक हाइवा से कोयला दुलाई कराकर ट्रक हाइवा का करोड़ों का बकाया भाड़ा रखा। मालिकों द्वारा बकाया भाड़ा मांगने पर एजेंसी के गवाह और सरकारी बॉडीगार्ड का प्रभाव दिखाकर करोड़ों का भाड़ा रखे हुए हैं।

### घाटशिला उपचुनाव: JLKM ने रामदास मुर्मू को प्रत्याशी बनाया, बीजेपी-जेएमएम में राजनीतिक बयानबाजी तेज

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**रांची/घाटशिला:** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने घाटशिला उपचुनाव के लिए रामदास मुर्मू को प्रत्याशी घोषित किया। रामदास मुर्मू 2024 विधानसभा चुनाव में भी खछङट से उम्मीदवार रह चुके हैं और इस बार स्थानीय नीति, रोजगार, पलायन व परिवारवाद जैसे मुद्दों पर चुनाव लड़ेंगे।

इस घोषणा के बाद बीजेपी और जेएमएम के बीच बयानबाजी तेज हो गई है। बीजेपी का आरोप है कि JLKM का उम्मीदवार चुनाव जीतने के लिए नहीं बल्कि सत्तापक्ष को मदद करने और खेल बिगाड़ने के लिए उतारा गया है। वहीं, जेएमएम ने बीजेपी पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया।

मतदान 11 नवंबर को होगा, और राजनीतिक गहमागहमी लगातार बढ़ती जा रही है।

### टुंडी में युवक ने दिखाई दिलेरी अपराधीयों को बाइक लूटने से रोका, पिस्टल के बट से मारकर युवक किया घायल

**धनबाद।** टुंडी थाना क्षेत्र में दो अपराधियों ने पिस्तौल दिखाकर बाइक को लुटने का प्रयास किया। लेकिन युवक की दिलेरी के कारण अपराधी बाइक को नहीं लूट सके। हालांकि अपराधियों और बाइक सवार के बीच हुए तकरार में युवक घायल हो गया। जिसके कारण अपराधी बाइक लूट नहीं सके।

टुंडी साल पहाड़ गांव के रमेश राय टुंडी से बाइक से लौट रहे थे। लौटने के क्रम में बसहा जंगल के समीप दो लोगों ने हाथ देकर रोकने का प्रयास किया। युवक ने समझा चढ़ने के लिए हाथ दे रहा है। जब वह रोका तो दोनों बाइक लूटने का प्रयास करने लगा। लेकिन उक्त युवक ने अपराधियों का खूब विरोध किया। इस दौरान दोनों अपराधियो ने बाइक सवार रमेश राय को पिस्तौल की बट से मारकर लहूलुहान कर घायल कर दिया। फिर अपराधियों ने बाइक छिनकर भाग रहे थे कि युवक ने हिम्मत दिखाई व पीछे अपराधियो को खिंच दिया व जैसे ही बाइक रुकी युवक ने बाइक की चाभी खिंचकर जंगल में फेंककर भागने लगा। युवक द्वारा फेंके गए चाभी को अपराधियो ने खोजने का प्रयास किया पर नहीं मिला। जिसके बाद अपराधी बाइक छोड़कर भाग गए। वहीं युवक लहूलुहान हालत में तड़प रहा था। इसी दौरान टुंडी जा रहे समाजसेवी बाबा मनीर मस्तान ने उक्त युवक को लेकर थाना पहुंचे।



# विभिन्न छठ घाटों पर समुचित व्यवस्था हेतु सरयू राय ने लिखी उपायुक्त को चिट्ठी

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को पत्र लिख कर छठ महापर्व के निमित्त विभिन्न छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु आवश्यक व्यवस्था करने का आग्रह किया है।

उपायुक्त को लिखे पत्र में सरयू राय ने कहा है कि विभिन्न छठ घाटों तक पहुँच पथ का समतलीकरण एवं घाटों की साफ-सफाई, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, गोताखोरों की व्यवस्था, चेंजिंग रूम की व्यवस्था, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था, नदी में डेंजर जोन चिन्हित करने का निशान लगाने सहित अन्य आवश्यक सुरक्षा का इंतजाम करने की आवश्यकता है। इस संबंध में उनके प्रतिनिधियों एवं जनता दल (यू) के कार्यकताओं ने विभिन्न छठ घाटों का भ्रमण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया है।

सूची के अनुसार, जमशेदपुर अक्षेस क्षेत्र के अंतर्गत सोनारी दोमुहानी छठ घाट, डोबो पुल छठ घाट, बच्चा सिंह बस्ती छठ घाट, कपाली छठ घाट, (सभी सोनारी) तिलु भट्ठा घाट, साकची, गांधी घाट छठ घाट, कदमा, शास्त्रीनगर, ब्लॉक नंबर 3, कदमा, शास्त्रीनगर, निर्मल कालोनी स्थित छठ घाट, कदमा, शास्त्रीनगर 4 एवं 5 नंबर स्थित छठ घाट, कदमा, राम जन्म नगर, रोड न 9 स्थित छठ घाट, कदमा,



रामजनमनगर, रोड न 1 स्थित छठ घाट, कदमा स्थित सती छठ घाट, कदमा, ग्रीन पार्क छठ घाट, कदमा, रामनगर स्थित छठ घाट, कदमा, नील सरोवर छठ घाट पर उपरोक्त व्यवस्था करने की जरूरत है।

उपायुक्त को लिखे पत्र में उन्होंने मानगो के गोकुल नगर, रोड न 4 स्थित छठ घाट, पोस्ट ऑफिस लास्ट स्थित अनुकूल ठाकुर छठ घाट, गौड़ बस्ती, बगरा कुली स्थित छठ घाट, गौड़ बस्ती शांति नगर स्थित सूर्य मंदिर छठ घाट, वर्कस कॉलेज स्थित छठ घाट, साई सूरज आश्रम स्थित छठ घाट, शंकोसाई राम नगर स्थित छठ घाट, शंकोसाई, श्यामनगर स्थित छठ घाट, चाणक्यपुरी कालोनी स्थित छठ घाट, इंटैकवेल स्थित छठ घाट, गुरूद्वारा रोड अकाली छठ घाट, बैकुंठनगर, रोड नं. 4 स्थित छठ घाट, वास्तु विहार छठ घाट, पारडीह स्थित छठ घाट, लक्ष्मणनगर स्थित छठ घाट आदि पर उचित व्यवस्था कराने का आग्रह किया है ताकि छठव्रतियों को कोई असुविधा न हो। पत्र की प्रतिलिपि उप नगर आयुक्त, मानगो नगर निगम और जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति को भी दी गई है।

## सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

राष्ट्र संवाद संवाददाता

साकची थाना क्षेत्र के सना कॉम्पलेक्स के कैलाश होटल में 16 अक्टूबर की शाम लगभग साढ़े 5 बजे दो 12 वर्षीय नाबालिग बच्चियों के साथ चार युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। दोनों पीड़िताएं पड़ोस की ही रहने वाली हैं और एक परिचित के बहकावे में आकर होटल पहुंचीं, जहां उनके साथ यह अमानवीय कृत्य हुआ।घटना की सूचना मिलते ही साकची थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और छापेमारी कर सभी चारों आरोपियों को पकड़ लिया। आरोपियों की पहचान सोनारी थाना क्षेत्र के बिहार ग्रिन निवासी कैलाश मिश्रा, चतरा ईटखोरी के करण कुमार




राणा, कदमा शास्त्री नगर ब्लॉक नंबर-4 के रौनक कुमार दास उर्फ श्रेयश और सोनारी सीपी क्लब के पास रहने वाले तरुण शर्मा उर्फ गोलू के रूप में हुई है।पुलिस ने दोनों नाबालिग पीड़ितों का मेडिकल परीक्षण कराया है और कोर्ट में बयान दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू की गई है। अधिकारियों के मुताबिक, आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत कई धाराओं में मामला दर्ज हुआ है। साथ ही पुलिस इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और अन्य संभावित आरोपियों या सहयोगियों की भूमिका की भी पड़ताल जारी है स्थानीय लोगों ने घटना पर आक्रोश जताते हुए सभी आरोपियों को कड़ी कानूनी सजा देने की मांग की है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि जांच पूरी पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ की जा रही है तथा दोषियों पर सख्त कानूनन कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## लोयोला स्कूल, टेल्को की दोहरी उपलब्धि — स्थायी संबद्धता और अल्पसंख्यक दर्जे की मान्यता

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**विद्यालय को मिला CISCE से स्थायी संबद्धता, 2026-27 से प्लस टू की पढ़ाई शुरू होगी**

**जमशेदपुर** : लोयोला स्कूल, टेल्को ने अल्प अवधि में दो बड़ी उपलब्धियाँ हासिल की हैं। स्कूल को काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन्स , नई दिल्ली से 1 सितंबर 2025 को स्थायी संबद्धता प्राप्त हुई है। इसके साथ ही, विद्यालय को 2026-27 सत्र से प्लस टू स्तर तक संबद्धता विस्तार की स्वीकृति भी मिल गई है।



इसके अतिरिक्त, 8 अक्टूबर 2025 को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग ने विद्यालय को अल्पसंख्यक दर्जा प्रदान किया है। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती चरणजीत ओहसन और प्रशासक फादर जेरी डिसूजा ने इन उपलब्धियों को शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों के समर्पण का परिणाम बताते हुए कहा कि लोयोला स्कूल ऐसे विद्यार्थियों को तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है जो शैक्षणिक, नैतिक और सामाजिक रूप से सशक्त नागरिक बन सकें।

## कदमा में 20 लाख की डकैती का पुलिस ने किया खुलासा, पाँच आरोपी गिरफ्तार

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**हथियार, जेवर, घड़ी और वाहन बरामद — एसआईटी ने पेशेवर तरीके से सुलझाया मामला**

**जमशेदपुर** : कदमा थाना क्षेत्र में हुई 20 लाख की बड़ी डकैती का पुलिस ने पदार्फाश कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने पाँच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से हथियार और लूटे गए कीमती सामान बरामद किए हैं। सिटी एसपी शिवाशीष और सीसीआर पुलिस उपाधीक्षक




मनोज ठाकुर ने बताया कि 9 अक्टूबर की शाम करीब साढ़े सात बजे रामनगर रोड नंबर-2 निवासी दीप राज सिंह के घर में 7 से 8 नकाबपोश युवक हथियार लेकर घुस गए थे। आरोपियों ने घरवालों को एक कमरे में बंधक बनाकर करीब 20 लाख रुपए के जेवर और कीमती सामान लूट लिए थे।

घटना के बाद कदमा थाना में कांड संख्या 96/25 दर्ज की गई थी। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष जांच टीम (रकळ) का गठन किया गया। टीम ने पेशेवर तरीके से अनुसंधान करते हुए मामले का सफल उद्भेदन किया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मो० सद्दाम, फहीम आलम, कृष्णा लौहार उर्फ पाड़ी, सयोराज सिंह उर्फ जस्से पाजी, और कुनाल सिंह मुंडा के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से एक देसी पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस, सोने का ब्रेसलेट, टाइटन कंपनी की घड़ी, एक स्कूटी और एक उठऋ ऑटो बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, सभी आरोपी पूर्व में हत्या, चोरी और गृहभेदन जैसे कई संगीन मामलों में शामिल रह चुके हैं। फिलहाल, पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है।

## रेड क्रॉस ने शुरू किया 789वां नेत्र शिविर, 30 मोतियाबिंद रोगी चयनित



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर,** 18 अक्टूबर : रेड क्रॉस सोसाइटी, पूर्वी सिंहभूम ने जेसीएपीसीपीएल के सहयोग से 789वें नेत्र शिविर का शुभारंभ किया। डॉ. बी.पी. सिंह की टीम ने 52 रोगियों की जांच कर 30 मोतियाबिंद मरीजों को ऑपरेशन हेतु चयनित किया।

**सुरक्षित दीपावली मनाने की अपील**

रेड क्रॉस झारखंड के चेयरमैन बिजय कुमार सिंह ने लोगों से सुरक्षित और संवेदनशील दीपावली मनाने की अपील की, खासकर बच्चों के पटाखा उपयोग में सावधानी बरतने को कहा।

**धनतेरस पर रक्तदान का संकल्प**

धनतेरस पर संवेदनशील रक्तदाताओं ने जीवन बचाने की मिसाल पेश की। एमवी प्रसाद ने 24वां एसडीपी और शाहनवाज आलम ने 17वां एसडीपी डोनेशन किया। रेड क्रॉस टीम ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

## रेलवे का सोशल मीडिया पर भ्रम फैलाने वालों के खिलाफ बड़ा एक्शन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

रेलवे प्रशासन ने सोशल मीडिया पर रेलवे से जुड़े भ्रामक एवं पुराने वीडियो साझा करने वाले सोशल मीडिया हैंडल्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। त्योहारों के इस सीजन में कुछ असामाजिक तत्व सोशल मीडिया पर पुराने अथवा गलत वीडियो वायरल कर यात्रियों में अनावश्यक भ्रम और असंतोष फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे मामलों पर कड़ी निगरानी रखते हुए रेलवे प्रशासन अब तक 20 से अधिक सोशल मीडिया हैंडल्स की पहचान कर चुका है और उनके विरुद्ध एफआईआर



दर्ज करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। रेलवे द्वारा सोशल मीडिया गतिविधियों पर 24×7 मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि ऐसे भ्रामक कंटेंट फैलाने वालों पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। रेलवे प्रशासन सभी सोशल मीडिया उपयोगकताओं से अपील करता है कि किसी भी वीडियो या सूचना को साझा करने से पहले उसकी प्रामाणिकता अवश्य जांच लें। यात्री केवल भारतीय रेल के आधिकारिक नोटिफिकेशन और आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स —x , फेसबुक, इंस्टाग्राम एवं यूट्यूब (@RailMinIndia) पर उपलब्ध सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

## अर्पण परिवार ने राजनगर के चांवड़बांधा में दीपावली की खुशियाँ बांटी

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर** : अर्पण परिवार ने निरंतर दूसरे दिन राजनगर के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र चांवड़बांधा में दीपावली की खुशियाँ बच्चों और परिवारों तक पहुँचाई। इस अवसर पर बच्चों को नए गर्म कपड़े, पटाखे और उपहार वितरित किए गए, जिससे उनके चेहरे पर मुस्कान खिल उठी और पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल फैल गया। इस सामाजिक पहल में स्थानीय ग्रामीणों और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



इस पहल के माध्यम से अर्पण परिवार ने सामाजिक समर्पण, सेवा और स्नेह का संदेश दिया। संगठन का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक खुशियाँ और उम्मीद पहुंचाना है।

अर्पण परिवार के सदस्यों ने कहा, हमारा प्रयास है कि हर कदम समाज सेवा में, हर पहल मुस्कान फैलाने में और हर आयोजन उम्मीद जगाने में हो। यह हमारा दायित्व और सौभाग्य है कि हम जरूरतमंदों के जीवन में रोशनी और खुशी ला सकें। अर्पण परिवार हमेशा समाज में सकारात्मक बदलाव और खुशियों का संदेश फैलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस सेवा कार्य को सफल बनाने में जूगुन पांडे, बिभाष मजुमदार, प्रिंस सिंह, दीपक सिंह, घनश्याम भिरभरिया, सरबजीत सिंह टोबी, कमलेश पाठक, शुरू पात्रों, काशीनाथ प्रधान, देवाशीष झा, रामा राव, लख्खिकांत घोष, सौरव रजक, राम, विशाल एवं अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

## राजेश शुक्ल ने देशऔर प्रदेशवासियों को धनतेरस और दीपावली की बधाई दी

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुरःझारखंड स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन और राज्य के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री राजेश कुमार शुक्ल ने देश और प्रदेश के नागरिकों को धनतेरस और दीपावली की शुभकामनाएं दिया है और उनके प्रगति और समृद्धि की कामना किया है ह्न



श्री शुक्ल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि दीपो का यह पांच दिवसीय उत्सव केवल प्रकाश का ही उत्सव नहीं है बल्कि अंधकार से प्रकाश असत्य से सत्य और नकारात्मकता से सकारात्मकता की तरफ अग्रसर होने की प्रेरणा देता है

श्री शुक्ल ने राज्य और देश के सभी अधिवक्ताओं,सभी न्यायिक अधिकारियो,आरक्षी और प्रशासनिक अधिकारियों ,प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया से जुड़े सदस्यों और सभी प्रकार के बुद्धिजीवियों को भी धनतेरस और दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख,समृद्धि और शांतिपूर्ण जीवन की कामना किया है

श्री शुक्ल ने कहा है इन त्योहारों की महत्ता तभी सार्थक होंगी जब हम खुशियों को बांटे और सुरक्षित और स्वच्छता के साथ इन त्योहारों के मौसम काआनंद ले ह्नश्री शुक्ल ने गोवर्धन पूजा और भाई दूज की भी सभी को बधाई दिया है

## झारखंड बार-बेंच में टकराव दुर्भाग्यपूर्ण, बार काउंसिल को निकालना चाहिए समाधान : अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर शहर के वरीय अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने कहा कि बार और बेंच के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध समाज और देश झ्र दोनों के हित में हैं। इनके बीच टकराव की स्थिति उत्पन्न ही नहीं होनी चाहिए।

झारखंड हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति राजेश कुमार की पीठ में जो कुछ हुआ, वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। वरीय अधिवक्ता महेश तिवारी के पक्ष को धैर्यपूर्वक सुना जाना चाहिए था।

सुधीर कुमार पप्पू ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि अधिवक्ताओं को अपने पेशे में अनेक प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। न्यायालय में लोग राहत पाने की उम्मीद लेकर जाते हैं और वहां उनके प्रतिनिधि के रूप में बार, अर्थात अधिवक्ता ही होता है।

हर व्यक्ति में व्यक्तिगत विशेषताएँ होती हैं और अधिवक्ता पर मुवक्किल को राहत दिलाने का मानसिक, पेशागत और आर्थिक दबाव भी होता है। प्रत्येक वकील का अपने पक्ष को रखने का तरीका अलग और विशिष्ट होता है। संभवतः बेंच ने इस पहलू को अन्यथा में लिया होगा।

उन्होंने कहा कि बेंच की तीखी टिप्पणियों को बार सामान्य रूप से सीख के रूप में स्वीकार करता है, जिससे अधिवक्ता की कार्यशैली में निखार और प्रैक्टिस में परिपक्वता आती है। इसके विपरीत, बेंच हर प्रकार के बाहरी दबाव से मुक्त होता है।

ऐसे में, इस विवाद का सर्वमान्य और सौहार्दपूर्ण पटाक्षेप करने के लिए झारखंड राज्य बार काउंसिल तथा बार काउंसिल ऑफ इंडिया को आगे आना चाहिए। बेंच को भी उदारता दिखाते हुए अवमानना प्रकरण के समापन की दिशा में कदम उठाना चाहिए।सुधीर कुमार पप्पू के अनुसार, यदि इस प्रकरण का पटाक्षेप शीघ्र नहीं होता है तो झारखंड राज्य बार काउंसिल को पेशे की मयार्दा एवं सम्मान की रक्षा के लिए ठोस निर्णय लेना चाहिए।

## सार-संक्षेप

### घाटशिला उपचुनाव में 11 नवम्बर को मतदान — सभी मतदाताओं को मिलेगा सवैतनिक अवकाश



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुरः**घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में अधिकतम मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री कर्ण सत्यार्थी ने आदेश जारी किया है कि मतदान दिवस 11 नवम्बर 2025 को घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में कार्यरत सभी सरकारी व निजी क्षेत्र के मतदाताओं को सवैतनिक अवकाश दिया जाएगा।

यह आदेश लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 (ख) के तहत जारी किया गया है। निदेर्शों के अनुसार, अवकाश के दिन मजदूरी में कोई कटौती नहीं की जाएगी, और उल्लंघन करने वाले नियोक्ताओं पर जुमार्ना लगाया जा सकेगा।

साथ ही, निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट, 1881 की धारा 25 के तहत 11 नवम्बर को घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

### कलाकार का ह्दय सात्विक होता है , समाज इनसे बेहद प्यार करता है- काले




राष्ट्र संवाद संवाददाता

साकची गुरुद्वारा मैदान में झारखंड कलाकार मंच द्वारा आयोजित ह्लआर.डी. बर्मन स्पेशल विजया मिलन समारोहह्व में समाजसेवी और झारखंड बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए । उन्होंने डीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया ।

जमशेदपुर के प्रतिभाशाली कलाकारों ने जब एक ही मंच से सुरों की झड़ी लगाई, तो हर राग, हर ताल ने मन को मंत्रमुग्ध कर दिया। रिदम, रोमांच और रिश्तों से सजी यह मधुर शाम सचमुच अविस्मरणीय रही। इस शानदार आयोजन के लिए झारखंड कलाकार मंच के सभी सदस्यों को ह्रदयपूर्वक बधाई और शुभकामनाएं। आपने संगीत के माध्यम से दिलों को जोड़ने का सुंदर कार्य किया है।

अध्यक्ष संजीव बनर्जी एवं पूरी टीम ने बहुत ही बेहतर आयोजन किया जिसमे शहर के सैकड़ों कलाकारों ने अपनी प्रतीति दी ।

### दीपावली, कालीपूजा और छठ पर्व को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक — विधि-व्यवस्था, सुरक्षा और स्वच्छता पर दिए निर्देश



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुरः**दीपावली, कालीपूजा और छठ पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण एवं श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री ऋषभ गर्ग, पुलिस अधीक्षक (सिटी) श्री कुमार शिवाशीष सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त ने त्योहारों के दौरान आदर्श आचार संहिता के पालन, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग और उड़नदस्ता दल को सक्रिय रहने के निर्देश दिए।

उन्होंने पटाखा बाजारों में अग्निशमन वाहनों की तैनाती, डीजे पर निगरानी, छठ घाटों की साफ-सफाई, चेंजिंग रूम, प्रकाश व्यवस्था और सुगम यातायात सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, अस्पतालों और एंबुलेंस को भी अलर्ट मोड पर रहने को कहा गया।

### हाता स्थित साह स्पंज एंड पावर लिमिटेड में कर्मचारी की जलने से मौत

**सुरक्षा लापरवाही का आरोप, परिजनों ने की जांच की मांग**

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**जमशेदपुर/हाता** : पोटका थाना क्षेत्र स्थित साह स्पंज एंड पावर लिमिटेड कंपनी में कार्यरत कर्मचारी राजेंद्र कुमार उपाध्याय की जलने से मौत हो गई। वे आदित्यपुर के रहने वाले थे। जानकारी के अनुसार, 10 अक्टूबर को काम के दौरान वे गंभीर रूप से झुलस गए थे। इलाज के दौरान आज उनकी अस्पताल में मौत हो गई। परिजनों ने कंपनी प्रबंधन पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए मामले की जांच और उचित मुआवजे की मांग की है।

### 12-35 वर्षों में तापमान 1.5°C बढ़ने का खतरा, पर्यावरण-सुरक्षा पर ध्यान जरूरीः डॉ. विनोद बी. माथुर




राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर** : एक्सएलआरआइ में आयोजित 12वें डॉ. वर्गीज कुरियन मेमोरियल व्याख्यान में डॉ. विनोद बी. माथुर ने कहा कि भारत के विकसित भारत 2047 का लक्ष्य तभी साकार होगा जब पारिस्थितिकीय सुरक्षा और आर्थिक विकास में संतुलन हो। उन्होंने चेताया कि आने वाले 12-35 वर्षों में वैश्विक तापमान 1.5त्उ तक बढ़ सकता है, जिसका जीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने हरित वित्त, नवीकरणीय ऊर्जा और जनजागरूकता पर बल दिया और पर्यावरण संरक्षण के 9 महत्वपूर्ण मंत्र साझा किए।

## संपादक की कलम से

# नक्सलवाद की ढलान पर भारत की निर्णायक जीत

**देवानंद सिंह**




छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र से बीते कुछ दिनों में जो खबरें आई हैं, वे दशकों से देश को जकड़े एक आंतरिक सुरक्षा संकट के अंत का संकेत देती हैं। दो दिनों के भीतर 258 नक्सलियों का आत्मसमर्पण, यह केवल एक सांख्यिकीय उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत के इतिहास में हिंसा और विकास के बीच लंबी जद्दोजहद के एक निर्णायक मोड़ का प्रतीक है। कभी जो नक्सलवाद 200 जिलों तक फैलकर लाल गलियारा बना चुका था, वह अब सिमटकर मात्र 11 जिलों तक रह गया है। यह आंकड़ा न सिर्फ सुरक्षा बलों के साहस का परिणाम है, बल्कि उन नीतिगत परिवर्तनों और सामाजिक साझेदारियों का भी सबूत है, जिन्होंने इस लड़ाई को केवल बंदूक से नहीं, बल्कि संवाद, विकास और भागीदारी से भी लड़ा।

नक्सलवाद की जड़ें जिस वैचारिकी में थीं, यानी भूमि सुधार, सामाजिक समानता और राज्य के शोषण के खिलाफ संघर्ष, वह धीरे-धीरे हिंसा और वर्चस्व की लड़ाई में बदल गई। बीते कुछ वर्षों में यह विचारधारा अपने ही समर्थकों के बीच अविश्वास और थकान का शिकार हुई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, सिर्फ इस साल अब तक 312 नक्सली मारे गए हैं, 836 गिरफ्तार हुए हैं, और करीब 1600 ने आत्मसमर्पण किया है। यह रुझान इस बात का संकेत है कि जंगलों में छिपे हथियारबंद गुट अब खुद को असुरक्षित और असहाय महसूस करने लगे हैं।

सबसे बड़ा झटका नक्सल आंदोलन को तब लगा जब मई 2025 में सीपीआई (माओवादी) के जनरल सेक्रेटरी नरसिम्हा उर्फ नंबाला केशव राव (बसवराजू) को सुरक्षाबलों ने ढेर कर दिया। बसवराजू केवल संगठन का चेहरा नहीं थे, बल्कि रणनीतिक सोच और कमांड के अंतिम स्तंभ भी माने जाते थे। उनके मारे जाने के बाद संगठन नेतृत्वविहीन हो गया। इसके अलावा, पिछले सालों में माओवादी पोलित ब्यूरो के कई सदस्य मारे गए या पकड़े गए, जिससे नक्सल ढांचे की रीढ़ लगभग टूट गई।

कभी नक्सल प्रभावित इलाकों में सरकार का नाम लेना भी खतरे से खाली नहीं था। पर अब वही इलाका ह्लसरकार के साथह्व खड़ा दिख रहा है। इसका श्रेय केवल सैन्य रणनीति को नहीं, बल्कि उन बहुस्तरीय नीतियों को भी जाता है, जिनके तहत 2015 में केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय नीति और कार्ययोजना को मंजूरी दी थी। इस योजना में सुरक्षा, विकास और अधिकार तीन मुख्य स्तंभ रखे गए।

पहले चरण में फोकस सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने पर था। विशेष बलों की तैनाती, इंटेलिजेंस नेटवर्क का विस्तार, और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय ने नक्सलियों की गतिशीलता को सीमित किया। इसके बाद धीरे-धीरे प्रशासनिक ढांचा उन क्षेत्रों में पहुंचा जहां दशकों तक शासन का कोई नामोनिशान नहीं था। दूसरा चरण विकास और पुनर्वास पर केंद्रित था। सड़कों, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं ने स्थानीय आबादी का भरोसा जीता। एक समय में नक्सली इन इलाकों में समानता और इंसाफ के नाम पर शासन करते थे, लेकिन जब सरकार ने इन समुदायों को आत्मनिर्भरता और रोजगार के अवसर दिए, तो लोगों को एहसास हुआ कि बंदूक नहीं, विकास ही असली मुक्ति का रास्ता है।

तीसरा और सबसे अहम पहलू आदिवासी समुदायों के अधिकारों की रक्षा था। वनाधिकार कानून, पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम और स्थानीय निर्णय प्रक्रिया में आदिवासियों की भागीदारी जैसे कदमों ने सरकार और समाज के बीच की दूरी को घटाया। किसी भी विद्रोह को केवल हथियार से नहीं, बल्कि विचार से हराया जा सकता है। नक्सल विरोधी अभियान की सफलता का सबसे बड़ा कारण यह है कि अब आदिवासी समाज नक्सलियों के साथ नहीं, बल्कि शांति और विकास के साथ खड़ा है। दशकों तक नक्सलियों ने इन्हीं समुदायों को भय, हिंसा और गलत सूचनाओं के दम पर अपने नियंत्रण में रखा। वे सरकारी योजनाओं को रोकते थे, स्कूल जलाते थे, सड़कों को नुकसान पहुंचाते थे, ताकि क्षेत्र विकास से कटे रहें और लोग उनके प्रभाव में बने रहें, लेकिन अब जब शिक्षा और संचार के माध्यम से इन इलाकों में जागरूकता आई है, तो स्थानीय लोग खुद नक्सलियों से मुंह मोड़ने लगे हैं। आत्मसमर्पण करने वालों में बड़ी संख्या उन्हीं युवाओं की है जिन्हें कभी जनता की सेना के नाम पर हथियार थमाए गए थे।

नक्सल आंदोलन की बुनियाद जिस वैचारिक ढांचे पर रखी गई थी, वह अब खोखली हो चुकी है। जो आंदोलन कभी सामाजिक न्याय की मांग से शुरू हुआ था, वह अब निर्दोष ग्रामीणों की हत्या, सरकारी परियोजनाओं की तबाही और पुलिसकर्मियों के अपहरण तक सीमित हो गया। इस हिंसक मोड़ ने इसकी नैतिक वैधता पूरी तरह खत्म कर दी। आत्मसमर्पण करने वाले कई नक्सली खुले तौर पर स्वीकार कर रहे हैं कि उन्हें अब अपने रास्ते पर विश्वास नहीं रहा। यह बदलाव बताता है कि बंदूक से परिवर्तन लाने की कोशिश आखिरकार आत्मघाती होती है। समाज में स्थायी बदलाव केवल लोकतंत्र और संवाद से ही संभव है, हालांकि नक्सलवाद के ढलान पर आने के बावजूद जश्न का यह समय नहीं है। अभी भी कुछ इलाके ऐसे हैं, जहां नक्सलियों की पकड़ बनी हुई है, विशेषकर छत्तीसगढ़, ओडिशा और झारखंड के कुछ हिस्सों में। इन इलाकों में सशस्त्र गतिविधि भले कम हो गई हो, लेकिन विचारधारात्मक प्रभाव पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है।

अब सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती स्थायी शांति स्थापित करना है, इसके लिए केवल हथियार डालने वालों का पुनर्वास नहीं, बल्कि स्थानीय विकास योजनाओं में तीव्रता जरूरी है। 2015 की नीति के तहत जिन कार्यक्रमों की शुरूआत हुई थी, जैसे अस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, वन धन योजना और ई-गवर्नेंस मिशन, उन्हें अब गति देने का वक्त है। हर निर्णय के केंद्र में स्थानीय समुदाय होना चाहिए। खासकर, आदिवासियों की सहभागिता सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि वे अपने भविष्य के निमार्ता खुद बन सकें। यदि, यह विकास ऊपर से थोपा गया दिखेगा, तो असंतोष की नई जड़ें पनप सकती हैं। नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा बलों और जनता के बीच संबंध कभी अविश्वास पर आधारित थे। लेकिन अब धीरे-धीरे वह रिश्ता बदल रहा है, जहां कभी पुलिस कैंप देखकर लोग भयभीत हो जाते थे, अब वहीं बच्चे खेलते नजर आते हैं। यह परिवर्तन केवल रणनीति का नहीं, बल्कि भावना का भी है। सरकार को इस भावना को और मजबूत करना होगा। पुनर्वास नीतियों में शिक्षा, कौशल विकास, और आजीविका योजनाओं को प्रमुखता दी जानी चाहिए। आत्मसमर्पण करने वालों को सामाजिक संसाधन की तरह देखना होगा, न कि केवल पूर्व अपराधी के रूप में।

कुल मिलाकर, भारत के इतिहास में नक्सलवाद शायद सबसे लंबी और जटिल आंतरिक चुनौती रही है। यह आंदोलन न तो केवल बंदूक की लड़ाई था, न ही केवल विचारों की, बल्कि शासन, असमानता और अवसरों के अभाव का परिणाम था। आज जब यह आंदोलन अपने अंतिम चरण में है, तो यह भी याद रखना जरूरी है कि शांति केवल तब स्थायी होगी, जब न्याय, विकास और सम्मान हर नागरिक तक पहुंचे। सरकार और समाज दोनों के लिए यह अवसर है कि वे इस उपलब्धि को अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरूआत के रूप में देखें, जिस दिन जंगलों में रहने वाला हर नागरिक यह महसूस करेगा कि लोकतंत्र उसका भी है, विकास उसका भी अधिकार है, और न्याय उसकी भी पहुंच में है, उसी दिन भारत नक्सलवाद को हमेशा के लिए इतिहास के पन्नों में दर्ज कर सकेगा।

# खुशियों की दीपावली : मन की अंधियारी दूर करने का समय

**डॉ प्रियंका सौरभ**



**रोशनी बाहर नहीं, मन के भीतर जलाएं दीये, रिश्तों और सुकून से रौशन होती है असली दीपावली**

दीपावली केवल दीप जलाने का पर्व नहीं, बल्कि मन के अंधकार को मिटाने और आत्मा में उजाला भरने का अवसर है। आज यह जरूरी है कि हम इसे दिखावे या प्रदूषण का उत्सव न बनाएं, बल्कि सादगी, करुणा और प्रेम का पर्व बनाएं। जब हम दूसरों के जीवन में रोशनी बाँटते हैं, तभी सच्चा सुख और सुकून प्राप्त होता है। दीपावली का असली अर्थ है – हर मन में शांति, हर घर में प्रेम और हर समाज में समरसता का प्रकाश।

दीपावली वर्ष का वह पर्व है जो केवल अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर के तमस को मिटाकर आत्मिक प्रकाश जगाने का संदेश देता है। यह वह दिन है जब लोग घरों को सजाते हैं, दीपक जलाते हैं, नए वस्त्र पहनते हैं और मिठाइयाँ बाँटते हैं। परंतु क्या हमने कभी ठहरकर सोचा है कि असली दीपावली क्या केवल घर की सफाई और रोशनी से पूरी हो जाती है? क्या वास्तव में वह अंधकार, जिसके नाश के लिए यह पर्व मनाया जाता है, केवल दीवारों और आँगन में होता है या हमारे मन और व्यवहार में भी कहीं छिपा है?

आज का समाज बाहरी चमक में इतना उलझ गया है कि भीतर की रोशनी मद्धम पड़ती जा रही है। दीपावली अब अक्सर दिखावे, खर्च और प्रतिस्पर्धा का उत्सव बनती जा रही है। लोग इस दिन अपने घर को हजारों लाइटों से सजा देते हैं, लेकिन अपने मन के कोनों में बसे अंधकार – ईर्ष्या, अहंकार, असंतोष और असहनशीलता – को नजरअंदाज कर देते हैं। त्योहार का असली उद्देश्य यही था कि हम अपने भीतर झाँकें, संबंधों को सहेजें और अपने चारों ओर स्नेह की रोशनी फैलाएं। मगर आज यह भावना बाजार और भौतिकता के शोर में खोती जा रही है।

दीपावली केवल लक्ष्मी के आगमन का नहीं बल्कि आत्ममंथन का भी समय है। जब हम घर के हर कोने की धूल झाड़ते हैं, तो दरअसल हमें अपने मन की धूल भी झाड़नी चाहिए – पुरानी शिकायतें, मतभेद, कटुता और तनाव। हर दीपक यह याद दिलाता है कि अंधकार मिटाने के लिए केवल एक दीप ही काफी होता है, बशर्ते वह सच्चे मन से जलाया गया हो। परिवार में एक छोटी सी मुस्कान, एक क्षमा का भाव, एक प्रेमपूर्ण संवाद – यही वे दीप हैं जो रिश्तों के कोनों को रोशन करते हैं।

आज के दौर में यह पर्व मानसिक स्वास्थ्य के संदर्भ में भी बहुत मायने रखता है। तेज भागदौड़, सामाजिक दबाव, कामकाजी तनाव और डिजिटल दुनिया की भागमभाग में इंसान भीतर से खाली होता जा रहा है। त्योहारों को भी हमने एक ह्लइवेंटह्व बना दिया है – फोटोशूट, सोशल मीडिया पोस्ट और महंगे तोहफों की परंपरा ने उसकी आत्मा को कमजोर कर दिया है। हमें यह याद रखना होगा कि दीपावली का आनंद केवल बाहरी सजावट में नहीं, बल्कि उस मानसिक सुकून में है जो हमें अपनेपन, संवाद और आत्मीयता से मिलता है।

आजकल के बच्चे और युवा पटाखों की चमक में खुशियाँ ढूंढते हैं। लेकिन क्या हमें यह अधिकार है कि अपनी खुशी के लिए पर्यावरण को प्रदूषित करें? धुएं और शोर से भरी हवा में सांस लेता हर जीव, हर बच्चा और हर बुजुर्ग इस खुशी की कीमत चुका रहा है। असली आनंद तो तब है जब हमारे दीपक किसी को कष्ट न दें। जब हम धरती माँ के प्रति भी उतने ही संवेदनशील हों जितने अपने घर के प्रति। पर्यावरण के अनुकूल दीपावली मनाना अब केवल विकल्प नहीं, जिम्मेदारी बन चुकी है। मिट्टी के दीप, प्राकृतिक रंगों की सजावट और स्थानीय उत्पादों का उपयोग करके भी हम इस पर्व को सुंदर बना सकते हैं – और यह सौंदर्य कृत्रिम रोशनी से कहीं अधिक स्थायी है।

दीपावली के अवसर पर एक और अंधकार मिटाने की आवश्यकता है – वह है अकेलेपन और मानसिक बेचैनी का अंधकार। त्योहार का मौसम बहुतों के लिए उत्सव का होता है, लेकिन कुछ लोगों के लिए यह यादों और उदासी का समय भी होता है। जिनके अपने दूर हैं, जो किसी प्रिय को खो चुके हैं, या जो आर्थिक और सामाजिक संघर्षों से जूझ रहे हैं – उनके लिए यह रोशनी कई बार चुभन का कारण बनती है। ऐसे में समाज का कर्तव्य है कि वह अपने आसपास के ऐसे लोगों को भी इस रोशनी में शामिल करे। दीपावली का असली अर्थ तभी पूर्ण होगा जब किसी के घर का अंधकार भी हमारे दीप से दूर हो।

हमारे शास्त्र कहते हैं – तमसो मा ज्योतिर्गमय – यानी हमें अंधकार से प्रकाश की ओर जाना चाहिए। यह प्रकाश केवल दीपक का नहीं बल्कि ज्ञान, विवेक और करुणा का है। जब मन में करुणा का प्रकाश जलता है, तो वह हजारों दीपकों से अधिक उजाला फैलाता है। दीपावली हमें यही सिखाती है कि जीवन में प्रकाश फैलाना केवल दिए जलाने का नहीं, बल्कि दया, सत्य और प्रेम की राह पर चलने का प्रतीक है।

त्योहारों का मकसद केवल परंपरा निभाना नहीं होता। वे हमें रुककर सोचने का अवसर देते हैं कि हम किस दिशा में जा रहे हैं। दीपावली हमें याद दिलाती है कि जो प्रकाश बाहर है, वह तभी स्थायी होगा जब भीतर भी उजाला हो। जब हम अपने भीतर के राम को जगाते हैं और रावण रूपी अहंकार, द्वेष और लालच को जलाते हैं, तभी सच्ची दीपावली मनती है।

आज के समय में यह भी जरूरी है कि हम दीपावली को ह्लसमावेशिता का पर्वह्व बनाएं। समाज में विभाजन की दीवारें, जाति-धर्म के मतभेद, आर्थिक असमानता – ये सब हमारे युग के अंधकार हैं। अगर हर व्यक्ति अपने स्तर पर थोड़ा सा प्रकाश फैला सके – किसी गरीब को भोजन दे दे, किसी बच्चे की शिक्षा में सहयोग करे, किसी बीमार को सहारा दे – तो वही दीपावली सबसे उज्ज्वल होगी। असली लक्ष्मी वही है जो करुणा, दया और सेवा के रूप में घर में प्रवेश करे।

दीपावली व्यापार का भी पर्व मानी जाती है। यह समय होता है जब बाजारों में रौनक रहती है, कारोबारियों की आशाएं बढ़ती हैं। लेकिन व्यापारी समुदाय को भी यह नहीं भूलना चाहिए कि सच्चा लाभ केवल आर्थिक नहीं, नैतिक भी होता है। ईमानदारी, पारदर्शिता और ग्राहक के प्रति सम्मान ही वह पूंजी है जो लंबे समय तक टिकती है। जब बाजार में विश्वास का दीप जलेगा, तभी समाज समृद्ध होगा।

हमारी संस्कृति में यह भी कहा गया है कि ह्लदीपावली केवल संपन्नता का नहीं, संयम का भी प्रतीक है।ह्व इसलिए अत्यधिक उपभोग, दिखावा और प्रतिस्पर्धा से बचना ही सच्ची श्रद्धा है। यह पर्व हमें सिखाता है कि ह्लथोड़े में भी बहुतह्व कैसे पाया जा सकता है। जिस घर में प्रेम, संतोष और एकता है, वहाँ हर दिन दीपावली है।

आज जरूरत है कि हम दीपावली को एक आध्यात्मिक और सामाजिक आंदोलन के रूप में देखें। हर व्यक्ति अपने जीवन में एक संकल्प ले – कि वह किसी न किसी रूप में प्रकाश फैलाएगा। कोई ज्ञान के दीप जलाएगा, कोई सहायता का, कोई प्रेम का। जब हर व्यक्ति एक दीप बनेगा, तो समाज में ऐसा उजाला फैलेगा जिसे कोई अंधकार मिटा नहीं सकेगा।

कभी-कभी यह भी आवश्यक है कि हम इस पर्व को कुछ पल की शांति के साथ मनाएँ। आत्मचिंतन के कुछ क्षण, अपने प्रियजनों के साथ समय बिताना, और अपनी उपलब्धियों व कमियों पर विचार करना भी दीपावली का हिस्सा होना चाहिए। जब हम अपने भीतर के दीप से मार्ग रोशन करते हैं, तो जीवन में दिशा स्पष्ट होती है।

दीपावली का अर्थ केवल ह्लदीपह्व नहीं, ह्लआवलीह्व अर्थात श्रृंखला भी है। यह श्रृंखला बताती है कि प्रकाश एक से दूसरे तक पहुँचता है। यही मानवता का मूल संदेश है – एक दीप दूसरे को जलाए, एक दिल दूसरे को रोशन करे। तभी यह संसार अंधकार से मुक्त हो सकेगा। अंततः, इस दीपावली पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम केवल अपने घर को नहीं, बल्कि अपने विचारों, व्यवहारों और समाज को भी प्रकाशित करेंगे। शोर और प्रदूषण से दूर, सरलता और स्नेह से भरी दीपावली ही सच्चे अर्थों में ह्लखुशियों और सुकून की दीपावलीह्व होगी। यही दीपक भारत की संस्कृति का प्रतीक बनेगा – जहाँ रोशनी केवल बिजली से नहीं, बल्कि इंसानियत से फैलती है।

# परम तेजोमय दीपशिखा

**हृदयनारायण दीक्षित**

संसार का सर्वोत्तम प्रकाशरूपा है। छान्दोग्य उपनिषद् के अनुसार ह्लसृष्टि का समस्त सर्वोत्तम और पुरूषोत्तम प्रकाशरूपा है। एक ही प्रकाश भिन्न-भिन्न रूपों प्रतिरूपों में दीप्त होता है, चमकता है और ह्यतमसो मा ज्योतिर्गमयह्न होता है।ह्ल सूर्य परम तेजोमय हैं, वे स्थावर और जंगम की आत्मा है। वे भी सहस्त्र आयामी प्रकाशरूपा हैं। गीता के अर्जुन ने विश्वरूप देखा, उसके मुंह से शब्द फूटे ह्लदिव्य सूर्य सहस्त्राणि-सहस्त्रों सूर्यो का प्रकाश एक साथ जगमगा उठा।ह्व उपनिषद् के ऋषियों ने परमसत्ता की अनुभूति को प्रकाशरूप ही पाया। कठोपनिषद् (2.2.15), मुण्डकोपनिषद् (2.2.10) व श्वेताश्वतर उपनिषद् (6.10) में एक साथ गाए गए मंत्र में कहते हैं ह्लन तत्र सूर्यो भाति, न चन्द्रतारकम/नेमा विद्युतो भान्ति कुतोऽयंमग्नि-वहां न सूर्य चमकते हैं और न चांद तारे। बिजली भी नहीं, अग्नि की बात है क्या है?ह्व बताते हैं ह्लतमे भान्तमनुभाति सर्वं उसी के प्रकाश से यह सब प्रकाश है। तस्य भासा सर्वम्‌ इदं विभाति-उसी की दीप्ति से यह सब प्रकाशित हैं। हम भारत के लोग उत्सवप्रिय हैं। एक उत्सव प्रकाश दीप्ति के लिए।

दीपोत्सव भारत का प्रकाश पर्व है। क्यों न हो? अंधकार अज्ञान है। प्रकाश ज्ञान का उपकरण है, प्रकाश और ज्ञान पर्यायवाची हैं। प्रकाश अमरत्व है, अज्ञान मृत्यु। वृहदारण्यक उपनिषद् (1.3.28) के ऋषि की प्रार्थना है, ह्लअसतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय, मृत्योर्माऽमृतं गमयेति - हम असत से सत, तमम से ज्योति और मृत्यु से अमरत्व की ओर चलें।ह्व भारत की ज्योतिर्गमय आकांक्षा चिरन्तन है। ऋग्वेद (10.156.4) के ऋषि अग्नि की स्तुति में आह्लादित हैं ह्लअग्नि ने अमर सूर्य को जन-जन को प्रकाश देने के लिए ही आकाश में स्थापित किया है।ह्व ज्योति सनातन मानवीय आकांक्षा है। अग्नि ज्योतिरूप हैं।

ज्योति हमारी चिरंतन अभीप्सा है। पूर्वजों ने जहां जहां ज्योति पुंज देखे, प्रणाम किया, स्तुतिवाचन किया, दिव्यता की अनुभूति पाई, देवता की प्रतीति मिली। जहां जहां ज्योतिर्गमय प्रकाश, वहा वहां दिव्यता और वहां-वहां देवता। सूर्य अखण्ड प्रकाश पुंज है। वे सविता देव हैं। ऋग्वेदकालीन विश्वामित्र ने सविता का प्रकाश देखा, दर्शन किया, उनके मुंह से गायत्री फूटी ह्लतत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो योनः प्रचोदयात्-हम बुद्धि को प्रेरित करने वाले सविता देव के वरण करने योग्य दिव्य प्रकाश तेज को धारण करते हैं।ह्व (ऋ0 3.62.10) प्रकाश दिव्य है, बुद्धि प्रकाशक है, तेज पुंज भी हैं। हम भा-रत हैं। भा अर्थात प्रकाश, रत यानी संलग्न। सो सूर्य को नमस्कार हमारी संस्कृति है। हम चन्द्र को अर्घ्य देकर पूजते हैं। अंधकार सूर्य से नहीं लड़ पाता लेकिन यही अंधकार चन्द्र से लड़ता है। प्रकाश और अंधकार का संघर्ष सनातन है। पूर्णिमा के दूसरे ही दिन से चांद घटने लगता है और अमावस तक रोजाना घटता है। अमावस परिपूर्ण तमस रात्रि है। अगले दिन से अंधकार पिटता है, प्रकाश बढ़ता है, 15 दिन बाद पूर्णिमा आती है। पूनो (पूर्णिमा) का चन्द्र पूरी आभा, प्रभा दीप्ति और प्रीति के साथ खिलता है। भारत ने प्रत्येक पूर्णिमा को उत्सव बनाया। अषाढ़ पूर्णिमा का चन्द्र बादलों से भी ढकता है। लेकिन उन्मुक्त चमकता है सो इस रात गुरू पूर्णिमा। श्रावण की पूर्णिमा रक्षाबंधन होती है लेकिन शरद् चन्द्र का क्या कहना? बहुत दूर आसमान में बैठा शरद् चन्द्र धरती की प्रीति में अमृतघट उलीचता है, भारत ने शरद् पूनो के चन्द्र को बहुत ज्यादा प्यार किया है। शरद् पूर्णिमा का प्रकाश-रास बनता है। शरदकाल वैदिक ऋषियों की प्रीति रहा है। वे सौ शरद् जीने के अभिलाषी थे-जीवेम शरदं शतं। सौ शरद् देखना भी चाहते थे-पश्येम शरदं शतं।

शरद् पूर्णिमा की रात रस, गंध, दीप्ति, प्रीति, मधु, ऋत और मधुआनंद तो 15 दिन बाद झमाझम दीपमालिका। भारत ने इसी तमस रात्रि को प्रकाश पर्व बनाया। जहां जहां तमस वहां वहां प्रकाश-दीप। शरद चन्द्र का झकास-प्रकाश प्रकृति की अनुकम्पा है तो दीपोत्सव मनुष्य की कर्मशक्ति का रचा गढ़ा तेजोमय प्रकाश है। प्रकाश ज्ञानदायी और समृद्धिदायी भी है। कार्तिकी अमावस का अंधकार प्रकाश की अनुपस्थिति ही नहीं होता। यह अस्तित्वगत होता है, अनुभूति प्रगाढ़ हो तो पकड़ में आता है। गजब के द्रष्टा थे हमारे पूर्वज। उन्होंने इसी रात्रि को अवनि अम्बर दीपोत्सव सजाये। भारत इस रात केवल भूगोल नहीं होता, राज्यों का संघ नहीं होता, इस या उस राजनैतिक दल द्वारा शासित भूखण्ड नहीं होता। भारत इस रात ह्यदिव्य दीपशिखाह्न हो जाता है। भारत का मन पुलक में होता है, आमोद प्रमोद और परिपूर्ण उत्सवधर्मा होता है। वातायन मधुमय होता है। वातायन में शीत और ताप का प्रेम प्रसंग चलता है।

दीपपर्व लक्ष्मी आराधना की मुहूर्त है। लक्ष्मी धन की देवी हैं। वे धन देती हैं, समृद्धि देती हैं, ह्यशुभ लाभह्न देती हैं। पश्चिमी अर्थशास्त्र में उद्यमी को साहसी बताया गया है। वह साहस करता है, कारखाना वगैरह लगाता है। लाभ उद्यमी के साहस का प्रतिफल है। ह्यशुभ लाभह्न भारतीय चिन्तन का विकास है। लाभ में श्रमिक का शोषण, टैक्सचोरी और भ्रष्टाचार भी शामिल है। ह्यशुभ लाभह्न ईमानदार उद्यमी का हिस्सा है।

पुराणों की तुलना में ऋग्वेद का समाज अतिप्राचीन है। समृद्धशाली भी है। यहां एक देवी ह्यअलक्ष्मीह्न (10.15.5) हैं, उनसे स्तुति है ह्वआप विकृतरूपा हैं अकाल लाती हैं, ये देवी हमसे दूर रहें।ह्ल यहां धन समृद्धि भी देवता (ऋ0 10.117) हैं, ह्वसामान्य धनी दोगुनी, तीन गुनी और चार गुनी सम्पत्ति चाहते हैं लेकिन धन का निजी हित में प्रयोग करने वाले पापी हैं।ह्ल यहां धन के सामाजिक उपयोग पर जोर है। ऐसा धन ही वस्तुतः शुभ लाभ है। सांस्कृतिक मयार्दा से हटने के कारण शुभ लाभ की परम्परा समाप्त हो गयी। लेकिन लक्ष्मी भी मनमाना आचरण नहीं कर सकती। ऋग्वेद के देवता विष्णु विराट है, वामन भी है। विष्णु ह्यशांतकारं भुजग शयनंह्न हैं। श्रीलक्ष्मी विष्णु के श्रीचरण दबाती हैं। सापों पर भी शान्त रहकर मजे से विश्राम करने वाले के पैर लक्ष्मी के अलावा कौन दबा सकता है? प्रतीकों के अपने रहस्य है, नीराजन और आराधन के अपने आनंद हैं। दीप पर्व में सबके सब एक जगह मिल जाते हैं। दीप मंगल मुहूर्त का प्रतीक है। यह प्रत्येक शुभ कर्म का श्रीगणेश है। अथर्ववेद के विराट सूक्त (8.9) में कहते हैं ह्लइयमेव सा या प्रथमा व्योच्छदास्वितरासु-यही वह है जो प्रथम बार (सृष्टि पूर्व) प्रकाशित हुआ।ह्व ऋग्वेद के गणपति कवि हैं, विद्वान है लेकिन यजुर्वेद के गणपति ह्यनिधिपतिह्न भी है- निधीनां त्वा निधिपति। पुराणों वाले गणपति शंकर सुवन है। वे लम्बोदर हैं। चतुर भी हैं। कार्तिकेय पिछड़ गये, वे ईमानदारी से पूरी दुनिया घूमे, गणेश ने मां-बाप का चक्कर लगाया, कहा मां-बाप में ब्रह्माण्ड है। चूहा उनका वाहन है।

# डा सुधा नन्द झा ज्यौतिषी द्वारा प्रस्तुत मिथिला दैनिक राशिफल

**डा सुधा नन्द झा**



**मेष :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-7-8-9

**वृष :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-2-7-9

**मिथुन :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। शुभांक-3-7-9

**कर्क :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-8-9

**सिंह :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, ङ्क्षचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। सिर्फ आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा। शुभांक-3-6-8

**कन्या :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

**तुला :** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

**वृश्चिक :** पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। लेदेकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। राजकीय कार्यों से लाभ। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। शुभांक-2-7-8

**धनु :** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-3-6-9

**मकर :** 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें। शुभांक-4-6-8

**कुम्भ :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। लेदेकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभ कार्यों में व्यय होगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिलेगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-1-3-7

**मीन :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-1-5-9

**डा सुधा नन्द झा ज्यौतिषी जमशेदपुर झारखंड मो एवं वाट्सअप नंबर 9430336503**

# जेटेया जंगल से सुरक्षाबलों की बड़ी सफलता — भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चाईबासा:** पश्चिमी सिंहभूम जिले के जेटेया थाना क्षेत्र के बुरूबोड़ता जंगल में सुरक्षाबलों को नक्सल विरोधी अभियान के दौरान बड़ी सफलता मिली है। पुलिस, सीआरपीएफ 174 बटालियन और झारखंड जगुआर की संयुक्त टीम ने भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए हैं।

पुलिस अधीक्षक अमित रेनू ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर 17 अक्टूबर को सर्च अभियान चलाया गया, जिसमें



बम निरोधक दस्ते की मदद से एक इंसास राइफल, 460 जिंदा कारतूस, चार इंसास राइफल मैगजीन, दो एसएलआर मैगजीन, दो राइफल मैगजीन, नौ खाली चार्जर, नक्सली पर्चे, पिट्ठू बैग, कंबल और दैनिक उपयोग की वस्तुएं बरामद की गईं।

एसपी ने कहा कि नक्सली इन हथियारों का उपयोग सुरक्षाबलों को निशाना बनाने की योजना में कर सकते थे। उन्होंने बताया कि नक्सल विरोधी अभियान लगातार जारी है और आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही, नक्सलियों से आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने की अपील की गई है।

## दीपावली व छठ पर्व को लेकर सरायकेला प्रशासन सतर्क – पटाखों की बिक्री और भंडारण पर जारी दिशा-निर्देश

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**सरायकेला:** आगामी दीपावली और छठ पर्व के मद्देनजर सरायकेला-खरसावाँ जिला प्रशासन ने Explosives Rules, 2008 के तहत आतिशबाजी के भंडारण, विक्रय और उपयोग को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार, पटाखों की बिक्री केवल प्रशासन द्वारा अनुमोदित स्थलों पर ही की जा सकेगी, और बिना अनुमति संचालित दुकानों पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।



मुख्य निदेशों में गैर-दहनशील शेड में भंडारण, दुकानों के बीच तीन मीटर की दूरी, सार्वजनिक स्थलों से न्यूनतम 50 मीटर की दूरी, शेड में खुली लौ या तेल के दीये के प्रयोग पर रोक, अग्निशामक यंत्र की अनिवार्यता और 125 डेसीबल से अधिक ध्वनि वाले पटाखों की बिक्री पर प्रतिबंध शामिल हैं।

प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे बच्चों की निगरानी में ही पटाखे चलाएँ, सूती वस्त्र पहनें, और अस्पताल, स्कूल या पेट्रोल पंप जैसे स्थलों के पास आतिशबाजी न करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अनियंत्रित कार की चपेट में आने से कोलकाता के युवक की मौत

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चांडिल :** एनएच-32 पर शनिवार को हुई सड़क दुर्घटना में कोलकाता के बेहाला निवासी 26 वर्षीय सर्नव वर्णवाल की मौत हो गई। घटना नीमडीह थाना क्षेत्र के घाघरा जुड़िया पुल के पास दिन के करीब 11 बजे की है। सर्नव अपने साथियों के साथ अलग-अलग बाइक से चांडिल से बलरामपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने उसकी बाइक को जोरदार



टक्कर मार दी।

टक्कर लगने के बाद सर्नव गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार चालक धक्का मारने के बाद जामडीह गांव होते हुए रसूनिया की ओर फरार हो गया। स्थानीय लोगों और पुलिस ने कार का पीछा किया, लेकिन चालक वाहन सहित भागने में सफल रहा।

घटना के बाद ग्रामीणों ने घायल सर्नव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नीमडीह पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उसे टाटा मेन अस्पताल (टीएमएच), जमशेदपुर रेफर कर दिया। निजी एंबुलेंस से टीएमएच ले जाने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद सर्नव को मृत घोषित कर दिया।

इस हादसे से सर्नव के साथियों में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस फरार कार और चालक की तलाश में जुटी है।

## तारा पब्लिक स्कूल में दीपोत्सव का भव्य आयोजन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**पोटका।** तारा पब्लिक स्कूल में दीपोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। विद्यालय प्रांगण दीपों की रोशनी से आलोकित हो उठा। इस अवसर पर रंगोली सह भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया।

बच्चों द्वारा बनाई गई रंगोलियों की सुंदरता एवं सृजनशीलता ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। निर्णायक मंडल के रूप में उपस्थित प्राचार्य कमलेश मिश्र सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ विजेताओं का चयन



करने में असमंजस में पड़ गए। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में कला, संस्कृति और अभिव्यक्ति की भावना को प्रोत्साहन मिला।

इस अवसर पर प्राचार्य कमलेश मिश्र ने सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि दीपों का यह पर्व हमें अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को सावधानीपूर्वक पटाखे जलाने तथा अभिभावकों की उपस्थिति में ही आतिशबाजी करने की सलाह दी।

सफल प्रतिभागियों को 21/10/25 मंगलवार को प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा पुरस्कृत किया गया। पूरे विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएँ दीं और कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होते हैं।

कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक हेमचंद्र पात्र, अंबुज प्रमाणिक, अर्जुन झा, मिहिर गोप, शेखर मंडल, शिक्षिकाएँ निकिता गोप, संगीता पाल, नमिता सरदार, पानमुनी भुमिज, सुषमा भकत, सुषमा मंडल, मनिषा नमाता, जस्मीन मुर्मू, दुलमी हांसदा एवं जोबा मार्डी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## जादूगोड़ा में अवैध बालू उठाव पर जिला खनन विभाग की बड़ी कार्रवाई, दो ट्रैक्टर जप्त

राष्ट्र संवाद संवाददाता

### इंचड़ा गांव की गुरा नदी में छापा, बालू माफियाओं में हड़कंप

**जादूगोड़ा :** जिला खनन पदाधिकारी अरविंद उरांव के नेतृत्व में इंचड़ा गांव की गुरा नदी में अवैध बालू उठाव रोकने के लिए छापामारी की गई। इस दौरान दो ट्रैक्टर (मिहिंद्रा लाल JH05U-8367 और सोनालिका नीला KUHSK13805385) जब्त किए गए।

स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद हुई कार्रवाई में जादूगोड़ा थाना



में कांड सं0-61/25 दर्ज किया गया। अवैध बालू उठाव से ग्रामीणों की सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही थीं और बच्चों के स्कूल जाने में परेशानी हो रही थी। इस नदी से रोजाना 40-50 ट्रैक्टर अवैध बालू उठाकर जिले भर में बेचते थे। यह कार्रवाई 40 वर्षों बाद खनन विभाग की पहली बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है।

## दीपावली व अन्य पर्व में शांति व्यवस्था को ले गम्हरिया में किया गया फ्लैग मार्च

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया।** जिले के पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत के निदेर्शानुसार, दीपावली, छठ व अन्य पर्व के मद्देनजर ह्लप्रहरीह्व पहल के तहत सरायकेला के एसडीपीओ के नेतृत्व में गम्हरिया में फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान आदित्यपुर थाना प्रभारी विनोद कुमार मुर्मू तथा गम्हरिया थाना प्रभारी कुणाल कुमार द्वारा बाजार, लाल बिल्डिंग चौक, छोटा गम्हरिया दुगार्पूजा मैदान आदि क्षेत्रों में स्थानीय दुकानदारों व



आम लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील की गई। उन्होंने बताया कि त्योहारों के मद्देनजर अपराध नियंत्रण, अड्डेबाजी, छेड़खानी, सड़क पर अवैध रूप से पार्किंग तथा अन्य अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से थाना क्षेत्र अंतर्गत पैदल मार्च किया गया। इस दौरान आदित्यपुर तथा गम्हरिया थाना के काफी संख्या में सशत्र पुलिस बल भी शामिल थे।

## धनतेरस पर बाजार में उमड़ी भीड़, लोगों ने जमकर की खरीददारी

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया।** धनतेरस के अवसर पर गम्हरिया व कांड्रा बाजार में खरीददारी करने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। दोपहर बारह बजे से ही लोगों की भीड़ जुटनी प्रारम्भ हो गई थी जो देर रात तक जारी रही। सन्ध्या काल मे खरीददारों की भीड़ के कारण बाजार में तिल रखने की भी जगह नहीं थी। क्षेत्र के ज्वेलरी दुकान, बर्तन दुकान, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि की दुकानों पर सर्वाधिक भीड़ रही और लोगों ने जमकर खरीददारी की। इसके अलावा गणेश व लक्ष्मी की मूर्ति, मिट्टी के दीये, झाड़ू आदि की



दुकानों पर भी लोग जमे रहे। धनतेरस को लेकर दुकानदारों ने भी अपने-अपने दुकानों को पहले से ही सजा रखा था। क्षेत्र की फुटपाथों पर भी कई दुकाने लगाई गई थी, जहां लोगों ने जमकर खरीददारी की। बाजार में उमड़ी भीड़ के कारण कई जगहों पर सड़क जाम की स्थिति बनी रही। हालांकि पूजा के दौरान बाजार में होने वाले भीड़ के मद्देनजर पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की तैनाती भी की गई थी जिनके द्वारा सड़क जाम से लोगों को निजात दिलाने का लगातार प्रयास किया जा रहा था। देर रात तक बाजार में भीड़ जुटी रही।

## रोटरी क्लब द्वारा सैम्संग टेक्निकल स्कूल के प्रशिक्षक सम्मानित

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया।** एमएसएमई इंडस्ट्रियल स्टेट चांदपुर वाराणसी स्थित सैम्संग टेक्निकल स्कूल में रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल द्वारा सक्षम भारत के तहत कार्यक्रम आयोजित कर संस्थान के प्रशिक्षकों एवं कंसल्टेंट को सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपस्थित क्लब के अध्यक्ष रो. राजेश भाटिया ने कहा कि 2014 में स्थापित यह संस्थाना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भार भारत के सपने को साकार कर रहा है। उन्होंने संस्थान के प्रशिक्षण की गुणवत्ता और प्रशिक्षकों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि यहां से प्रशिक्षण प्राप्त शत प्रतिशत बच्चे या




तो अपना उद्यम लगा रहे हैं या नौकरी कर रहे हैं। यही संस्थान की सफलता का प्रमाण है। द स्माल इंडस्ट्रीज के महासचिव नीरज पारीख ने रोटरी की सेवा भावना की सराहना करते हुए संस्थान के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए यथासंभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर संस्थान के प्रभारी सीनियर मैनेजर आशुतोष कुमार ने कहा कि इस वर्ष 350 से अधिक युवा यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बने हैं। यह सब संस्थान के जीएम एल राजशेखर के दिशा निर्देशन के कारण ही संभव हो पाया है।कार्यक्रम के अंत में रोटरी क्लब के अध्यक्ष एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा संस्थान के प्रभारी आशुतोष कुमार, प्रशिक्षक राम सागर, संगीता कुमारी, विजय कुमार,अन्वेष, विकास ठाकूर, राजे किरण और कंसल्टेंट अजमेर साहिल को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन ज्ञानेद्र उपाध्याय ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापण सतीश बजाज ने किया। इस मौके पर रोहित पाठक, शैलेन्द्र सिंह, संतोष सोनी, प्रशांत अग्रवाल समेत संस्थान के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं प्रशिक्षु उपस्थित थे।

## धनतेरस पर रौनक से जगमगाया मनोहरपुर बाजार



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**मनोहरपुर:** धनतेरस को लेकर मनोहरपुर का बाजार पूरी तरह सज चुका है। बर्तन, आभूषण, बिजली उपकरण, सजावटी सामान और दीयों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है।

अलंकार ज्वेलर्स के उमेश सोनी ने बताया कि सोने के दाम बढ़ने से लोग चांदी के आभूषण खरीद रहे हैं। वहीं राधा इंटरप्राइजेज के गुरविंदर सिंह भाटिया ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक सामानों पर छूट और उपहार के साथ लॉटरी कूपन दिए जा रहे हैं, जिसका ड्रा 27 अक्टूबर को होगा।

मुख्य बाजार, बैक रोड, थाना चौक, स्टेशन रोड और कपड़ापट्टी इलाकों में रौनक चरम पर है। प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। दीपावली की तैयारी में लोग घरों की सफाई, सजावट और खरीदारी में व्यस्त हैं। चारों ओर दीपोत्सव का उल्लास नजर आ रहा है।

## जमशेदपुर में आनंद मार्ग प्रचारक संघ ने बलि प्रथा और डायन प्रथा के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर :** आनंद मार्ग प्रचारक संघ ने समाज में बलि प्रथा, डायन प्रथा और ओझागुणी अंधविश्वास के खतरों पर लोगों को जागरूक किया। सुनील आनंद ने बताया कि तंत्र-मंत्र से किसी की हत्या संभव नहीं और इसका उद्देश्य केवल मानव कल्याण एवं आध्यात्मिक उत्थान है।

उन्होंने कहा कि परमात्मा भक्ति और आंतरिक चेतना से मनुष्य में मानसिक शक्ति और आत्मबल बढ़ता है, जिससे समाज में अंधविश्वास और डर को समाप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में बलि प्रथा, ओझा गुनी और अंधविश्वास पर वैज्ञानिक, व्यावहारिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से समझाने पर जोर दिया गया।



## सार-संक्षेप

### सिदगोड़ा में शाम 11 हजार दीपकों से होगा दीपोत्सव, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास शामिल

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**सिदगोड़ा :** सूर्य मंदिर समिति द्वारा दीपावली की पूर्व संध्या पर 19 अक्टूबर, रविवार, संध्या 6 बजे सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर में 11 हजार देशी घी के दीपक जलाकर एवं आतिशबाजी के साथ दीपोत्सव मनाया जाएगा।

इस अवसर पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक श्री रघुवर दास मुख्य रूप से शामिल होंगे।

### पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने दिखाया सादगी, दिगड़ी मोड़ के समीप सरक किनारे बैठकर खाया चावल-दाल-चोखा

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**जादूगोड़ा :** राखा-जादूगोड़ा-मुसाबनी मुख्य सड़क स्थित दिगड़ी मोड़ पर एक दृश्य देखने को मिला, दोपहर के करीब 3:00 बजे वह दीगरी मोड़ के पास अपने काफिला के साथ अचानक झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन रुक गये। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने आम जनजीवन से जुड़ाव का सजीव उदाहरण पेश किया। उन्होंने कहा की मैंने कुछ ग्रामीणों को वहा खड़े देखा इसलिए उनका हाल जानने के लिए रुक गए। उन्हें भूख लगी तो उन्होंने बिना किसी औपचारिकता या तामझाम के एक ग्रामीण से खाना मंगवा कर पास के एक साधारण पंचर दुकान से चेयर निकाल कर बैठकर चावल, दाल और चोखा खाने लगे। इनको देख ग्रामीणों की भीड़ जुटने लगी।

लोगों के लिए यह क्षण आश्चर्य और सम्मान दोनों का विषय बन गया। चंपई सोरेन ने मुस्कुराते हुए कहा, इससे ज्यादा और क्या चाहिए, सादे खाने में ही असली स्वाद है। उनकी यह सादगीपूर्ण झलक देखकर स्थानीय लोग भावुक हो उठे और कई लोगों ने मोबाइल से यह पल कैद किया।

चंपई सोरेन का यह विनम्र व्यवहार यह साबित करता है कि जमीन से जुड़े नेता वही होते हैं जो जनता के बीच रहकर, उन्हीं की तरह जीना जानते हैं।

उनके साथ भाजपा जिला मंत्री रोहित सिंह परमार, विनोद सिंह, मनोज प्रताप सिंह आदि मौजूद थे।

### जमशेदपुर की महिला जादूगोड़ा में सोना चोरी के आरोप में गिरफ्तार

**महालक्ष्मी ज्वेलर्स से सोने की अंगूठी बरामद, 11,020 रुपये भी जब्त**

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**जादूगोड़ा :** जमशेदपुर की महिला को महालक्ष्मी ज्वेलर्स की दुकान से सोने की अंगूठी चोरी करते हुए पकड़ा गया। आरोपी ने पीतल की अंगूठी शोकेस में रखकर सोने की अंगूठी चोरी करने की कोशिश की। पुलिस ने महिला से चोरी की गई अंगूठी और 11,020 रुपये बरामद कर उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। मामला जादूगोड़ा थाना में कांड सं0-62/25 दर्ज किया गया है।

### जिला मुखिया संघ ने डीसी को दिया चार सूत्री ज्ञापन



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**पोटका।** सिंहभूम पूर्वी जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष कानू मुर्मू ने उपायुक्त को चार सूत्री ज्ञापन देकर मांग किया है कि जिले के सभी मुखियाओं का मानदेय राशि का भुगतान किया जाए। जिले के सभी पंचायतों के डीएमएफटी से स्वीकृत योजनाओं की सूची पंचायतों को उपलब्ध कराया जाए। डीएमएफटी द्वारा स्वीकृत योजनाओं के शिलापट्ट पर मुखिया गणों का नाम भी लिखा जाए। विभिन्न विभागों के डीएमएफटी द्वारा स्वीकृत्योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वयन से पूर्व ग्राम पंचायतों से सूचना पत्र उपलब्ध कराया जाए। इसकी कॉपी डीडीसी तथा निदेशक पंचायती राज विभाग को भी भेजा गया है। साथ में रमेश चंद्र मुर्मू अध्यक्ष जमशेदपुर प्रखंड मुखिया संघ, सुनील किस्कू सचिव, सुमन सिरका प्रवक्ता उपस्थित थे।

### धनतेरस पर गाड़ियों की बिक्री में भी बढ़ोतरी

राष्ट्र संवाद संवाददाता




बहरागोड़ा क्षेत्र में धनतेरस के शुभ अवसर पर शनिवार को बाजारों में खरीदारी का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही शुभ मुहूर्त में लोग परिवार के साथ बाजारों का रुख करते नजर आए। खासकर आभूषण दुकानों, गाड़ी की शोरूम में ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी। पारंपरिक रूप से धनतेरस के दिन सोना-चांदी, गाड़ी खरीदना शुभ माना जाता है, इसी को लेकर लोगों में विशेष उत्साह देखा गया।

दीपावली के त्योहार का सीजन शुरू होते ही बाजारों में रौनक लौट आई है। शहर के मुख्य बाजारों में खरीददारों की भारी भीड़ देखी जा रही है। लोग कपड़ों, मिठाइयों, उपहारों और इलेक्ट्रॉनिक सामानों की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। वहीं, इस सीजन में वाहनों की बिक्री में भी तेजी आई है। ऑटोमोबाइल शोरूम पर ग्राहकों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। कई लोग नई गाड़ियों की बुकिंग कर रहे हैं, तो कई ग्राहक गाड़ी की डिलीवरी ले रहे हैं।

व्यापारियों का कहना है कि त्योहार के मौसम में हर साल बिक्री बढ़ती है, लेकिन इस बार ग्राहकों की संख्या और ज्यादा है। दूसरी ओर दुकानदारों ने भी आकर्षक ऑफर और छूट देकर ग्राहकों को लुभाने की पूरी तैयारी कर रखी है। बढ़ती भीड़ को देखते हुए यातायात विभाग ने भी बाजारों के आसपास अतिरिक्त व्यवस्था की है। दीपावली के नजदीक आने के साथ ही बाजारों में खरीदारी का यह सिलसिला और तेज होने की उम्मीद है।

### लोहरदगा पुलिस ने 168 किलो अवैध गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**लोहरदगा/कुडू :** कुडू थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने चेकिंग के दौरान झारसुगोड़ा से बिहार जा रही फोर्ड कार का पीछा किया। कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई।

कार में सवार अमीष कुमार लाल (19) और आकाष राय (19) को गिरफ्तार कर 168 किलो अवैध गांजा और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

छापामारी टीम में कुडू और चांपी थाना के अधिकारी एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

## फरीदाबाद में प्रापर्टी डीलर ने 14वीं मंजिल से कूदकर दी जान

फरीदाबाद, एजेंसी। फरीदाबाद में एक प्रापर्टी डीलर ने शनिवार को 14वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज मामले की जांच शुरु कर दी है। मृतक की पहचान 56 वर्षीय राजकुमार चौधरी के रुप में हुई है, जो कि आज सीकरी के पास बनी एक सोसायटी में अपने मित्र से मिलने आया था और बाद में उसने 14वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। बताया जाता है कि उसके पास से एक सुसाइट नोट भी बरामद किया गया है, जिसमें उसने आत्महत्या के लिए अपने पार्टनरों को जिम्मेवार बताया है। मृतक के बेटे के अनुसार उसके पिता राजकुमार चौधरी प्रापर्टी का काम करते थे और बल्लभगढ़ के संजय शर्मा सहित अन्य लोगों के साथ प्रापर्टी खरीदते बेचते थे, पिछ्ले कुछ समय से उनके पिता का अपने पार्टनरों से विवाद चल रहा था, जो कि मामला थाने में भी लंबित था। राजकुमार चौधरी पिछ्ले एक महीने से अपने घर पर भी किसी से बातचीत नहीं करते थे और परेशान रहते थे। मृतक के बेटे ने बताया कि उसके पिता को उनके पार्टनर परेशान कर रहे थे, जिससे आहत होकर उन्होंने यह कदम उठाया। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि सुसाइट नोट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## भुवनेश्वर में दिवाली पर रात 9 बजे के बाद पटाखे फोड़ने पर रोक

**भुवनेश्वर,एजेंसी।** इस साल कमिशनरेट पुलिस ने दिवाली उत्सव के लिए कड़े निर्देश जारी किए हैं। पटाखे फोड़ने की समय सीमा रात 9 बजे तक निर्धारित की गई है, जो पिछ्ले वर्षों की तुलना में एक घंटे पहले है। केवल ग्रीन पटाखों की अनुमति होगी, जबकि तेज आवाज वाले पटाखे प्रतिबंधित रहेंगे। भुवनेश्वर के डीसीपी जगमोहन मीना ने चेतावनी दी है कि त्योहार के दौरान मादक पदार्थ के प्रभाव में वाहन चलाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें वाहन जब्त करना और गिरफ्तार करना शामिल है। यह निर्देश दुर्घटनाओं को रोकने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जारी किया गया है। नियमों के पालन के लिए सभी थाना क्षेत्रों में पेट्रोलिंग टीमें तैनात की जाएंगी। इसके साथ ही कमिश्नरेट पुलिस ने नागरिकों को जागरूक करते हुए कहा है कि वे नियमों का पालन करें और सुरक्षित व सुव्यवस्थित दिवाली मनाएं।

## ओडिशा में सिमिलिपाल टाइगर रिजर्व पर्यटन के लिए फिर से खुला

**भुवनेश्वर,एजेंसी।** ओडिशा के मयूरभंज जिले में स्थित प्रसिद्ध सिमिलिपाल टाइगर रिजर्व 18 अक्टूबर से पर्यटकों के लिए फिर से खुल गया है, जिससे नए पर्यटन सीजन की शुरुआत हो गई है। रिजर्व वर्षा ऋतु के कारण 30 जून से बंद था। सिमिलिपाल टाइगर रिजर्व के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, राष्ट्रीय उद्यान में प्रतिदिन अधिकतम 60 वाहन प्रवेश कर सकते हैं। इनमें से 35 वाहन जशीपुर चेक गेट से प्रवेश करेंगे, जबकि 25 वाहन पिठाबटा गेट से प्रवेश कर सकते हैं। पर्यटक जशीपुर गेट से सुबह 5:00 बजे से 9:00 बजे तक और पिठाबटा गेट से सुबह 8:00 बजे से 9:00 बजे तक प्रवेश कर सकते हैं। सभी पर्यटकों को उसी दिन शाम 6:00 बजे तक रिजर्व से बाहर निकलना अनिवार्य है। रिजर्व में खुली जीप सफारी के माध्यम से पर्यटक वन्यजीवन और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सकते हैं। सुबह की सफारी 5:30 बजे शुरू होकर लगभग पांच घंटे चलेगी, जबकि दोपहर की सफारी 2:00 बजे शुरू होकर चार घंटे में समाप्त होगी।

## बिल्ली को बचाने के चक्कर में पलटा ट्रक

**नाहन, ,एजेंसी।** पच्छाद उपमंडल मुख्यालय सराहां के टिक्कर के समीप बीती देर रात एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ट्रक नाहन से सोलन की तरफ जा रहा था। जानकारी मिली है कि जैसे ही ट्रक सराहां से आगे टिक्कर के पास पहुंचा तो अचानक सड़क पर एक बिल्ली आने के कारण चालक ने जोरदार ब्रेक लगा दी। इसी दौरान लोड वाहन से चालक का संतुलन बिगड़ गया और ट्रक सड़क किनारे पलट गया। गनीमत यह रही कि इस हादसे में चालक और क्लीनर को ज्यादा चोटें नहीं आईं। उन्हें तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

## मंदिर में साध्वी से अश्लील हरकत, मामला दर्ज

**जींद, एजेंसी।** सफीदों क्षेत्र स्थित मंदिर में घुसकर एक साध्वी से अश्लील हरकत करने तथा विरोध करने पर धमकी देने शहर थाना सफीदों पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शनिवार को जानकारी देते हुए शहर थाना सफीदों क्षेत्र के मंदिर की एक साध्वी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मंदिर मे पूजा अर्चना करती है। हर दिन की तरह ही शुक्रवार को वह मंदिर में थी। शाम को गांव फफड़ाना करनाल निवासी किरणपाल मंदिर में घुस आया। किरणपाल जब मंदिर में आया तो उसने शराब पी हुई थी। मंदिर में आते ही आरोपित ने उसके साथ अश्लील हरकत शुरू कर दी। जब उसने विरोध किया तो आरोपित गाली गलौज पर उतर आया। बचाव में शोर मचाए जाने पर जब तक आसपास के लोग मौके पर पहुंचते तब तक आरोपित धमकी देते हुए फरार हो चुका था। बाद में मामले की शिकायत शहर थाना सफीदों पुलिस को दी गई। पुलिस ने साध्वी की शिकायत पर किरणपाल के खिलाफ अश्लील हरकत करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हादसे की सूचना मिलते ही पच्छाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले की जांच की। फिलहाल इस मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है। हादसे की पुष्टि एसएचओ जय सिंह ने की है।

## नशे में धुत्त होकर मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर,एजेंसी।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला रैदासपुरा में रहने वाले राजेश अहिरवार पुत्र अच्छेलाल ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीते बुधवार को सुबह करीब 10.30 बजे अपनी कबाड़ की दुकान पर खाना खा रहा था, तभी रामनगर निवासी मौसम उर्फ हैरी पुत्र बहादुर कुशवाहा, पम्मी पुत्र भजन, अमित उर्फ अम्मू पुत्र भजन अपने साथ कुछ अज्ञात लोगों के साथ शराब के नशे में धुत्त होकर आये। कबाड़े की दुकान गालियां देते हुये जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये अपमानित किया और मारपीट शुरू कर दी। शोरगुल सुनकर साथ में खाना खा रहे परशुराम यादव पुत्र दउवा, संतोष, राकेश व अन्य लोग मौके पर आ पहुंचे और बचाव किया। जब पीड़ित ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी, तो पुलिस मौके पर पहुंची, जिसे देखकर उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115 (2), 351 (3) व एससीएसटी एक्ट की धारा 3 (1)(द), 3 (1)(घ) व 3 (2)(व्ही.ए.) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## निर्माणाधीन पार्क से मिट्टी चोरी की कोशिश

**सुमेरपुर हमीरपुर,एजेंसी।** कस्बे के तपोभूमि की रोटीराम वाटिका में निर्माणाधीन पार्क से मिट्टी चोरी होने की सूचना पर पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष ने पार्क के चौकीदार को कड़ी फटकार लगाते हुए मिट्टी लेकर जा रहे लोगों को मना करके भरी गई मिट्टी को खाली कराया। नगर पंचायत तपोभूमि में रोटीराम वाटिका में पार्क का निर्माण करा रही है। इस निर्माणाधीन पार्क से सुबह कुछ लोग मिट्टी लेकर जा रहे हैं। इसकी सूचना मिलने पर नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेन्द्र शिवहरे मौके पर पहुंचे और मिट्टी लेकर जा रहे लोगों को मना करके बोरियों में भरी मिट्टी को खाली कराया।

# तीन साल से फरार आरोपित को किया गिरफ्तार



**हरिद्वार, एजेंसी।** नाम बदलकर आधार कार्ड बनाकर जमीन खरीदने के नाम पर पैसे ठगने के तीन साल से फरार चल रहे आरोपित को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए उसका चालान कर दिया है। जानकारी के मुताबिक 23 दिसम्बर 2022 को मोहित चौहान पुत्र प्रमोद कुमार निवासी, जो कैनरा बैंक शाखा कनखल हरिद्वार में अधिकारी के पद पर नियुक्त थे, सीतापुर ज्वालापुर हरिद्वार ने रानीपुर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर प्रवेश साबरी पुत्र जमील अहमद निवासी मुकर्रबपुर, पोस्ट पिरान कलियर, हरिद्वार के खिलाफ तहरीर देकर जमीन के नाम पर रुपये ठगने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। तहरीर में मोहित चौहान ने बताया कि उनका परिचय बिजनेस कोरेसपोंडेंट के रुप में प्रवेश साबरी से हुआ। उसने उन्हे जमीन में पैसा लगाने के नाम पर अपने साथी अरूण शर्मा, विनित कुमार, ललित मोहन शर्मा, शान्ति प्रसाद उर्फ मुकेश राम आदि के साथ कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर जमीन दिलाने के नाम पर 42,16000 रुपये की धोखाधडी की थी। पुलिस की ओर से नामजद आरोपियों के विरूद्ध साक्ष्य एकत्रित करते हुए आरोपियों की काफी तलाश की गई, लेकिन घटना के मास्टर माइंड आरोपी प्रवेश साबरी को पिछ्ले माह 03 सितम्बर 2025 को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। अन्य आरोपियो की गिरफ्तारी के लिए रानीपुर पुलिस ने काफी प्रयास किया गया लें कन सफलता हाथ नहीं लगी। काफी प्रयासो के बाद वांछित आरोपित मुकेश राम निवासी ग्राम कुलचना पोस्ट सिसोना थाना चांदपुर जिला बिजनैर उत्त्रप्रदेश उम्र 53 वर्ष को सेक्टर-2 बीएचईएल के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की ओर से जांच से पाया कि आरोपी मुकेश राम ही वह व्यक्ति है जिसने शान्ति प्रसाद नाम से दूसरा फर्जी आधार कार्ड बनाकर फर्जी तरीके से अपने साथियो के साथ मिलकर मोहित को दूसरे व्यक्ति के नाम की रजिस्ट्री कर उनसे पैसे हडपे गये थे। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ विधिक कर दिया।

## खाई में गिरी कार, दो की मौत



**कर्सियांग,एजेंसी।** दार्जिलिंग से नक्सलबाड़ी आने के क्रम में एक वाहन सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। मृतकों के नाम राजेश पासवान और सुमित सिन्हा है। वहीं, घायलों के नाम करण ठाकुर, तारक विश्वास और राज दास है। सभी नक्सलबाड़ी के रहने वाले बताए जा रहे हैं। घायलों को इलाज के लिए उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज व अस्पताल भेजा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह एक वाहन दार्जिलिंग से नक्सलबाड़ी की तरफ आ रही थी। तभी कर्सियांग के पंखाबाड़ी के तिनघूमती में ब्रेक फेल हो जाने से वाहन ने अपना नियंत्रण खो दिया। जिसके चलते वाहन सड़क से नीचे गिर गई और यह हादसा हुआ। दूसरी तरफ खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

## असम पुलिस के शीर्ष स्तर पर बड़ा फेरबदल

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम सरकार ने पुलिस विभाग में बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल किया है। राज्य में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी), पुलिस अधीक्षक (एसपी) और उप पुलिस आयुक्त (डीसीपी) स्तर के कुल 36 अधिकारियों का तबादला किया गया है। आदेश के अनुसार, सिवसागर के एसएसपी पार्थ प्रतिम दास को कछार जिले का एसएसपी नियुक्त किया गया है, जबकि लीना दोलै को पुनः सिवसागर का एसएसपी बनाया गया है। दोलै को पहले धुबड़ी से अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत स्थानांतरित किया गया था। देबाशीष बोरा अब धुबड़ी के एसएसपी होंगे। कछार के एसएसपी नोमल महत्ता को कोकराझार में स्थानांतरित किया गया है, जबकि कोकराझार के एसएसपी पुष्पराज सिंह को शिवसागर भेजा गया है। शिवसागर के एसएसपी शुभ्रज्योति बोरा को जोरहाट में एसएसपी नियुक्त किया गया है, वहीं जोरहाट के एसएसपी श्वेतांक मिश्रा को 4वीं एपी बटालियन में भेजा गया है।

डिमा हासाओ के एसएसपी मयंक कुमार को तिनसुकिया स्थानांतरित किया गया है, जबकि एआईजी रिपुंजय काकती को डिमा हासाओ का नया एसएसपी बनाया गया है। विश्वनाथ के एसएसपी शुभाशीष बरुवा को शिवसागर का एसएसपी नियुक्त किया गया है, वहीं बजाली के एसएसपी ए बसुमतारी को विश्वनाथ का एसएसपी बनाया गया है। गुवाहाटी पुलिस में डीसीपी (सेंट्रल) अमिताभ बसुमतारी को डीसीपी (वेस्ट) बनाया गया है और एडीसीपी (सेंट्रल) सांभवि मिश्रा को डीसीपी (सेंट्रल) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वर्तमान डीसीपी (वेस्ट) पद्मनाभ बरुवा को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (विजिलेंस एंड एंटी-करप्शन) नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, पुष्पराज सिंह को कार्बी आंगलोंग का एसएसपी बनाया गया है, जबकि कार्बी आंगलोंग के एसएसपी संजीव कुमार सैकिया को कामरूप जिले में स्थानांतरित किया गया है। राज्य सरकार ने यह व्यापक फेरबदल पुलिसिंग को मजबूत करने और कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाने के उइइद्देश्य से किया है।

## बेटे की शिकायत पर सात महीने बाद कब्र से मां का शव निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया



**मेदिनीपुर,एजेंसी।** पश्चिम मेदिनीपुर जिले के पिंगला इलाके में शुक्रवार शाम को एक अविश्वसनीय और सनसनीखेज़ घटना सामने आई। पुलिस ने अदालत के निर्देश पर करीब सात महीने पहले दफनाई गई एक महिला के शव को कब्र से निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। मामले के अनुसार, मृतका के बड़े बेटे ने अपनी मां की मौत पर संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या का शक जताते हुए कोर्ट में मामला दायर किया था। बेटे का आरोप था कि उसकी मां की मौत स्वाभाविक नहीं थी – और परिवार के अन्य सदस्य या किसी तीसरे व्यक्ति की संलिप्तता हो सकती है। बेटे की याचिका पर कटक कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस को शव निकालकर पुनः पोस्टमॉर्टम कराने का आदेश दिया। आदेश के बाद शुक्रवार पिंगला थाना पुलिस और फोरेंसिक टीम की उपस्थिति में मृतका के कफनबंद शव को कब्र से निकाला गया। स्थानीय प्रशासन की देखरेख में शव को खड़गपुर महकमा अस्पताल भेजा गया, जहां फोरेंसिक विशेषज्ञों की टीम द्वारा पोस्टमॉर्टम किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान इलाके में भारी भीड़ उमड़ पड़ी और लोगों में काफी उत्सुकता और चिंता का माहौल देखा गया। पुलिस सूत्रों का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि महिला की मौत प्राकृतिक थी या किसी षड्यंत्र का हिस्सा।

## मतदान के दिन सभी कर्मचारियों को मिलेगी सवैतनिक छुट्टी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव और कई राज्यों में उपचुनाव के लिए होने वाले मतदान के दिन कर्मचारियों को सवैतनिक छुट्टी दी जाएगी। यह आदेश चुनाव आयोग ने जारी किया है, ताकि हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। चुनाव आयोग ने बताया कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135बी के तहत किसी भी निजी, व्यापारिक, औद्योगिक या अन्य संस्थान में काम करने वाले हर उस व्यक्ति को, जो मतदान का हकदार है, चुनाव वाले दिन सवैतनिक छुट्टी देना जरूरी है। इस दिन वेतन में किसी तरह की कटौती नहीं की जा सकती। अगर कोई नियोक्ता इस नियम का उल्लंघन करता है, तो उस पर जुर्माना लगाया जा सकता है। आयोग ने बताया कि जो लोग अपने क्षेत्र से बाहर काम करते हैं, लेकिन उनका नाम उस विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में है जहां चुनाव हो रहे हैं, उन्हें भी मतदान के दिन सवैतनिक छुट्टी मिलेगी ताकि वे वोट डाल सकें। यह सुविधा अस्थायी और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को भी दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि बिहार में पहले चरण का मतदान 6 नवम्बर (गुरुवार) को होगा, जबकि दूसरे चरण का मतदान और संबंधित राज्यों में उपचुनाव 11 नवम्बर (मंगलवार) को होंगे।

# पाली में सड़क हादसे में दो मासूमों की मौत



**पाली, एजेंसी।** जिले में शुक्रवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में दो मासूम बच्चों की मौत हो गई, जबकि 28 यात्री घायल हो गए। हादसा रोहट थाना क्षेत्र के गाजनगढ़ टोल के पास रात करीब दो बजे हुआ। पुलिस के अनुसार एक निजी बस प्रतापगढ़ से जैसलमेर जा रही थी। इसी दौरान बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कई यात्री बुरी तरह घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही रोहट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को पाली के बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचाया।

हॉस्पिटल में पहले से ही डॉक्टर्स की टीम को अलर्ट कर दिया गया था। घायलों के पहुंचते ही तुरंत इलाज शुरू किया गया। हादसे में रतलाम (मध्य प्रदेश) निवासी एक साल की बच्ची दिव्या की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जोरदार थी कि उसका सिर धड़ से अलग हो गया। माता-पिता अपनी मासूम की लाश से लिपटकर बिलखते रहे।

वहीं, खेतपालिया (मध्य प्रदेश) निवासी सात वर्षीय सोना के सीने में कांच घुस जाने से उसकी मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही पाली के एडीएम सहित एसडीएम विमलेंद्र सिंह राणावत व कई अधिकारी बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। घायल यात्रियों ने बताया कि उन्होंने कई बार ड्राइवर को बस धीरे चलाने की चेतावनी दी, लेकिन वह नहीं माना। हादसे के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया। बस में कुल 40 यात्री सवार थे। हादसे के बाद कुछ देर के लिए हाईवे पर जाम लग गया, जिसे पुलिस ने नियंत्रित किया।

## 102 पैकेट प्रतिबंधित पटाखे जब्त, एक व्यक्ति गिरफ्तार



**खड़गपुर, एजेंसी।** त्योहारों के मौसम में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सख्ती के बीच खड़गपुर जीआरपी थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए स्टेशन परिसर से बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित पटाखे बरामद किए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार देर रात गुप्त सूचना के आधार पर खड़गपुर स्टेशन परिसर में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा, जिसकी थैली से लगभग 102 पैकेट प्रतिबंधित पटाखे बरामद हुए।

आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में उसने पटाखे बेचने के उद्देश्य से उन्हें स्टेशन परिसर में लाने की बात स्वीकार की है। खड़गपुर जीआरपी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इन प्रतिबंधित पटाखों की आपूर्ति कहां से हो रही थी और क्या इसके पीछे कोई बड़ा नेटवर्क सक्रिय है।

पुलिस ने बताया कि रेल परिसर में ज्वलनशील और विस्फोटक सामग्री लाना रेलवे सुरक्षा अधिनियम के तहत अपराध है, और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## दो मोबाइल स्नैचर गिरफ्तार, बाइक व छीना गया मोबाइल बरामद



**हरिद्वार,एजेंसी।** सिडकुल थाना पुलिस ने दो मोबाइल स्नैचरों को गिरफ्तार करते हुए उनसे छीना गया मोबाइल बरामद किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की है। जानकारी के मुताबिक 17 अक्टूबर को शिवम कुमार पुत्र शेर सिंह निवासी बावनपुरा जिला बिजनौर हाल पता मीनाक्षीपुरम थाना सिडकुल, हरिद्वार ने पुलिस को तहरीर देकर मीनाक्षीपुरम गेट सिडकुल के पास से अज्ञात बाइक सवार तीन व्यक्तियों द्वारा उसका मोबाइल छीनकर भाग जाने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने घटना के चौबीस घंटों के भीतर ही दवा चौक पर चेकिंग के दौरान दो आरोपितों को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपितों के पास से छीना गया मोबाइल व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। आरोपितों के नाम पते धर्मेंद्र पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम जड़ौदा पांडा थाना बड़ागांव जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश हाल निवासी डेंसो चौक रावली महदूद व सागर पुत्र विजयपाल निवासी ग्राम शिवपुरी थाना अफजलगढ़ जिला बिजनौर महदूद थाना सिडकुल रावली महदूद सिडकुल हरिद्वार बताए गए हैं।

# स्वतंत्रता सेनानी पं पुष्कर नाथ पांडेय स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाई वह सदैव स्मरणीय रहेगा

**शशि भूषण दूबे कंचनीय/ रोमेश रंजन रोशन**

**मिजार्पुर ।** मिजार्पुर जिले में विंध्याचल कोतवाली के गंगा की तट पर बसे गांव में स्वतंत्रता संग्राम की चिंगारी के प्रभाव में आकर 19 वर्षीय साहसी युवक पुष्कर नाथ पांडेय सीना तान कर स्वतंत्रता आंदोलन के चिंगारी के प्रभाव में आकर अंग्रेजो भारत छोड़ो अगस्त क्रांति में जम कर दृढ़ता एवं साहस के साथ भाग लिया और स्वतंत्रता संग्राम की भयंकर लपेट मिजार्पुर जिले के दक्षिणांचल बभनी से लेकर हलिया कछवा से लेकर जमालपुर तक सैकड़ों से उपर लोगों ने बृटिश हूकुमत के खिलाफ जन आंदोलन में कूद पड़े जिसमें फारवर्ड, ओबीसी, आदिवासियों, अल्पसंख्यको सिख्खो सभी का योगदान मिला था। जिले में आधा दर्जन स्मरणीय उदाहरण है।जो स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में साक्ष्य के रुप इतिहास के पन्नों में उदाहरण है।

सोनभद्र जिले के बभनी दुद्धी,नगवा घोरावल, बरैनी कछवा, लालगंज के कुसियरा एवं पतुलकी शिवमूर्ति नगर गांव के जंगल क्षेत्र जिला खारिज स्वतंत्रता सेनानियों की शरण स्थली थी। 18 अक्तूबर 1921 में जन्मे स्वतंत्रता सेनानी पं पुष्कर नाथ पांडेय के 105 वी जयंती पर उन्हें याद करते हुए स्वतंत्रता सेनानी परिवारो के लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि एवं कोटि कोटि नमन किया है।



पंडित पुष्कर नाथ पाण्डेय
(स्वतंत्रता संग्राम सेनानी)
जन्म – 18 अक्टूबर 1921 मृत्यु – 25 जनवरी 1996
भूतपूर्व थानाध्यक्ष उत्तर प्रदेश पुलिस

उक्त अवसर पर स्व श्री पाण्डेय के स्वतंत्रता संग्राम के योगदान की चर्चा करते हुए उत्तर प्रदेश स्वतंत्रता सेनानी कल्याण परिषद के संस्थापक सदस्य रहे तीन बार जेल यात्रा करने एवं राजनैतिक पेंशन लेने से इंकार करने वाले वरिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी परतंत्र भारत एवं स्वतंत्र भारत में अभिभाजित जिला कांग्रेस अध्यक्ष रहे स्वतंत्रता सेनानी पं शिवमूर्ति दूबे के प्रपौत्र स्वतंत्रता सेनानी परिवार के आश्रित एवं वरिष्ठ पत्रकार शशि भूषण दूबे कंचनीय ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी स्व श्री पाण्डेय जी का योगदान की भूमिका स्मरणीय है जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि उनके गांव के बीहड़ जंगलों में जिला खारिज एवं जुमार्ना न देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों की शरणस्थली बनाई गई थी जिन्हें देखरेख करने और भोजन पानी की व्यवस्था उनके उपर थी उपरौध क्षेत्र की यह भी ऐतिहासिक उदाहरण है और यह भी स्मरणीय है।

जिले के डिस्ट्रिक्ट बोर्ड एवं जिला परिषद चेयरमैन दुद्धी से दो बार विधायक रहे जननेता ब्रज भूषण मिश्र ग्रामवासी के पौत्र वरिष्ठ पत्रकार नवीन मिश्र ने कहा कि मिजार्पुर जिले में स्वतंत्रता संग्राम की कहानी ऐतिहासिक रही है जिसमें स्व पाण्डेय की भूमिका सराहनीय रही है। पहाड़ा रेलवे स्टेशन अग्नि कांड के समर्थक जांबाज स्वतंत्रता सेनानी पं जीत नारायण पाण्डेय के आश्रित स्वतंत्रता सेनानी परिवार के जिला कांग्रेस कमेटी महासचिव संजय पांडेय ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के कुर्बानियों बलिदान की गाथा बहुत लम्बी है जिसमें स्व श्री पाण्डेय भी उसके एक कड़ी रहे हैं।

वरिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी परिवार जिले के प्रथम पूर्व विधायक स्व पं विजयानंद मिश्र के आश्रित सुपुत्र एवं स्वतंत्रता सेनानी परिवार के कांग्रेस के वरिष्ठतम नेता धीरेन्द्र दत्त मिश्र ने स्वतंत्रता सेनानियों के कुर्बानियों बलिदानों की चर्चा करते हुए स्व श्री पाण्डेय को स्मरण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। स्वतंत्रता सेनानी चौधरी विश्राम सिंह के आश्रित एवं स्वतंत्रता सेनानी परिवार के सीखण गांव के जिला पंचायत के पूर्व सदस्य दिनेश प्रकाश सिंह पटेल ने स्व श्री पाण्डेय के याद करते हुए श्रद्धांजलि दी है।

स्वतंत्रता सेनानी पं स्व श्री पाण्डेय के पौत्र शास्वत पाण्डेय ने स्वतंत्रता सेनानी परिवार के स्व श्री पाण्डेय के जयंती में भूमिका के लिए आभार व्यक्त करते हुए स्व श्री पाण्डेय जी को याद कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# समता पार्टी के विधायक प्रत्याशी अविनाश भारती ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**बेगूसराय /राष्ट्र संवाद ब्यूरो**

विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार अभियान अब रफ्तार पकड़ने लगा है। तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र में पहले चरण में मतदान होना है जिसके लिए सोशल मीडिया से लेकर गांव गांव तक सियासी हलचल तेज हो गई है। नामांकन की तिथि समाप्त होने के बाद शनिवार को समता पार्टी के प्रत्याशी अविनाश भारती ने मंगलवार को तेघड़ा विधानसभा अंतर्गत विभिन्न गांव के टोला, कस्बा में जनसंपर्क अभियान चलाया। इसमें उन्होंने चिल्हाय , निपनियां और सिमरिया एक में जनसम्पर्क अभियान चलाया। इनके साथ पार्टी के दर्जनों पदाधिकारी और कार्यकर्ता साथ-साथ चल रहे थे। इस जन सम्पर्क अभियान के दौरान पार्टी प्रत्याशी अविनाश भारती ने कहा कि क्षेत्र के मतदाता के आशीर्वाद



से हम चुनावी मैदान में आए है। तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हमारा लक्ष्य है। आज से जनसंपर्क अभियान के तहत क्षेत्र भ्रमण में हैं। सभी समुदाय के युवा वर्ग काफी उत्साहित हैं। हम जब क्षेत्र में निकलते हैं स्वतः मेरे पीछे अविनाश भारती के चाहने वालों का हुजूम निकल आता है। बिहार की जनता विधानसभा से लेकर सरकार तक कि बदलाव चाहता है। इसलिए समस्त क्षेत्र के गरीब, शोषित एवं आम जनता अविनाश भारती को विधायक बनना चाहता है

प्रत्याशी से आगे वोटर चल रहे हैं। यही पार्टी की बड़ी उपलब्धि है।

जन सम्पर्क अभियान में प्रत्याशी अविनाश भारती के साथ समता पार्टी के जिला संयुक्त सचिव कृष्णनंदन कुमार, जिला चुनाव प्रभारी अमित कुमार, सिमरिया एक के पूर्व मुखिया श्री बबन राय, शिक्षाविद् जिवछ राय, पार्टी के पंचायत अध्यक्ष रंजन कुमार सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता और आम लोग शामिल हुए।

## तेघड़ा में धनतेरस मनाया: बाजारों में उमड़ी भीड़ शुभ मुहूर्त में खरीदारी

**बेगूसराय /राष्ट्र संवाद ब्यूरो**

तेघड़ा के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में शनिवार को धनतेरस का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाए जाने वाले इस पर्व पर शुभ खरीदारी और देवी-देवताओं की पूजा का विशेष महत्व है।

यह दिन सोना-चांदी, झाड़ू, वाहन और बर्तन जैसी वस्तुएं खरीदने के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। धनतेरस पर मां लक्ष्मी, कुबेर देवता और भगवान धन्वंतरि की पूजा का विधान है, इसलिए इसे धन त्रयोदशी भी कहा जाता है। धन के देवता कुबेर की पूजा का इस दिन विशेष महत्व है।

पर्व को लेकर तेघड़ा के बाजार सहित उत्तर तेघरा के चिल्हाय



घाट, पकठौल चौक पूरी तरह सजे हुए हैं। लोग अपनी पसंद के अनुसार खरीदारी कर रहे हैं। दीपावली के लिए लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां, उनके वस्त्र और अन्य पूजा सामग्री भी आज ही खरीदी जा रही है। महिलाएं विशेष रूप से इन वस्तुओं की खरीदारी के लिए बाजारों में जुटी रही।

सोने-चांदी की दुकानों पर भी भारी भीड़ देखी गई। धनतेरस पर पुराने चांदी के सिक्के खरीदना पुण्य माना जाता है, इसलिए दुकानों पर पुराने और नए चांदी के सिक्के तथा चांदी के टुकड़े उपलब्ध हैं। लोग अपनी पसंद के आभूषण भी खरीदी । हालांकि, पिछले कुछ दिनों में सोने-चांदी की कीमतों में अचानक हुई बढ़ोतरी से खरीदारों में थोड़ी मायूसी है, फिर भी मान्यताओं के चलते लोग खरीदारी की।

## श्रीमद् भागवत कथा को लेकर कन्याकुमारी का कलश यात्रा

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**बीहट /बेगूसराय** नगर परिषद बीहट वार्ड एक मालती गांव में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा को लेकर भव्य कलश शोभा यात्रा निकाला गया। जो मालती श्री राम जानकी ठाकुरबारी से करीब 500 कन्याकुमारी के साथ रथ पर विराजमान कथावाचक महर्षि डॉक्टर दुर्गेशाचार्य जी महाराज बैंड बाजे के साथ-साथ अवध तिरहुत सड़क मालती गांव पिपरा चौक होते हुए हनुमान मंदिर स्थित कथा स्थल तक पहुंचे। डॉक्टर दुर्गेश आचार्य के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा की महिमा की चर्चा की गई । कलश यात्रा में महिलाओं ने मंगल कलश लेकर कीर्तन करते हुए भाग



लिया।कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने भजन गाते हुए और नाचते हुए यात्रा में शामिल हुए। यह यात्रा कथा वाचक के नेतृत्व में निकाली गई, जिन्होंने कलश यात्रा के महत्व और भागवत कथा के उद्देश्य के बारे में बताया गया।कलश यात्रा के साथ ही सात दिवसीय डॉ दुर्गेशह्चार्य जी महाराज के द्वारा मालती हनुमान मंदिर के नजदीक श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हो गया। वहीं पुलिस प्रशासन की व्यवस्था फुलवरिया थाना एवं बरौनी थाना का सहयोग मिला ।

मौके पर रामनद राय, राकेश राय, राजेश राय, गुड्डू राय उर्फ मुकेश राय सुबोध राय, कृष्णमूर्ति राय, अमित राय, रणजीत कुमार, प्रद्युम्न राय, संजय राय, शंकर राय ,भोला पंडित, राजू महंत, विनय राय, दुर्गेश राय ,रणधीर पंडित, रणधीर कुमार, सुजा ,झा उर्फ सुरेंद्र, समस्त ग्रामवासी मालती पिपरा देवस के श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## खोदावंदपुर थाना में दीपावली, काली पूजा एवं छठ पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**
**राजेश कुमार**

**खोदावंदपुर/बेगूसराय।** आगामी दीपावली, कालीपूजा एवं लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर शनिवार की शाम खोदावंदपुर थाना परिसर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी. बैठक की अध्यक्षता करते हुए थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि इस वर्ष थाना क्षेत्र के 12 जगहों पर कालीपूजा का आयोजन किया जा रहा है. उन्होंने इस पूजा के लिए पूजा समिति को लाइसेंस लेने एवं डीजे नहीं बजाने का निर्देश दिया. उन्होंने आपसी भाईचारा के साथ काली पूजा, दीपावली एवं छठ पर्व मनाने की अपील की. इस मौके पर नवपदस्थापित बीडीओ मिथिलेश विहारी वर्मा ने बताया कि छठ पर्व



को लेकर खोदावंदपुर प्रखंड क्षेत्र में बूढ़ीगंडक नदी के कुल 34 छठ घाट चिन्हित किये गये हैं, जहां छठ व्रती अर्ध्य दे सकेंगे. बैठक में फफौत पंचायत के पूर्व मुखिया अनिल कुमार, बाड़ा पंचायत के पूर्व मुखिया टिंकू राय, खोदावंदपुर पंचायत के पूर्व मुखिया कृष्णदेव चौधरी, राजद नेता त्रिवेणी महतो ने बताया कि पिछले कई दिनों से बूढ़ी गंडक नदी में उफान है. सभी घाट पानी में डूबे हुए हैं. इस वर्ष छठ व्रतियों को काफी परेशानी हो सकती है. इन सामाजिक कार्यकताओं ने अधिकारियों से बूढ़ी गंडक नदी के विभिन्न घाटों व क्षेत्र के पोखरों की अद्यतन स्थिति का जायजा लेने का आग्रह किया. बूढ़ीगंडक नदी के घाटों पर बांस बल्ला से बैरिकेडिंग करवाने की मांग भी सामाजिक कार्यकताओं ने अधिकारियों से किया. साथ ही आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रत्येक घाट पर दो-दो नाव रखने की व्यवस्था किए जाने की मांग भी की गयी. बैठक में पूर्व मंत्री अशोक महतो, जिला परिषद सदस्य पंकज कुमार शर्मा, प्रखंड प्रमुख संजू देवी, अंचल अधिकारी प्रीति कुमारी, सरपंच नवीन प्रसाद यादव, भोला पासवान, दिलदार हुसैन, पंसस विनोद सहनी, समाजसेवी जयदेव कुमार सिन्टु, तरुण कुमार रौशन, गोपाल महतो, शिवकुमार शिव, कैलाश यादव, नवीन कुमार, सुरेन्द्र यादव, गुफरान कमर, अरविंद कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, अवनीश कश्यप, नीरज कुमार, शंभू कुमार, कृष्ण कुमार झा, मनीष सिंह, मदन सहनी, कुंदन झा, अवनीश कुमार वर्मा समेत अनेक सामाजिक व राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता एवं पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे.

## विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासन सतर्क : हरिचक सीमा पर चला सघन वाहन जांच अभियान



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**भगवानपुर/ बेगूसराय** आगामी विधानसभा चुनाव 2025 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को हरिचक सीमा पर पुलिस प्रशासन की ओर से सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया।

इस दौरान पुलिसकर्मियों ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों की गहन तलाशी ली। प्रत्येक वाहन की डिक्की चालकों की मौजूदगी में खोली गई और संदिग्ध वस्तुओं की बारीकी से जांच की गई। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि विधानसभा चुनाव को माध्दे नजर रखते हुए प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ चुनावी प्रक्रिया की निगरानी कर रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि या नियमों के उल्लंघन को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि पुलिस बल पूरी तरह अलर्ट मोड में है और संदिग्ध वाहनों, मादक पदार्थों, अवैध नकदी सहित अन्य संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

## लोक आस्था का महापर्व छठ की झांकी प्रस्तुत कर बच्चों ने मतदाताओं को किया जागरूक, राजकीयकृत मध्य विद्यालय बेगमपुर परिसर में कार्यक्रम आयोजित

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**
**राजेश कुमार**

**खोदावंदपुर/बेगूसराय।** मतदाता जागरूकता दिवस के मौके पर शनिवार को खोदावंदपुर में स्कूली बच्चों ने मतदाता जागरूकता अभियान का एक नया तरीका अपनाया. इस मौके पर राजकीयकृत मध्य विद्यालय बेगमपुर के छात्र-छात्राओं ने स्कूल परिसर में लोक आस्था के महापर्व छठ की झांकी प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया. छठव्रती महिलाओं के पीले रंग की साड़ी में सजी दर्जनों छात्राओं ने छठ पर्व की मनोरम झांकी प्रस्तुत किया. छठ व्रती के रूप में इन छात्राओं ने स्कूल परिसर में बनाये गये एक छोटे से तालाब में भगवान भास्कर को अर्ध्य भी दिया. इसके साथ ही छात्राओं ने छठ के लोक गीत भी गायें. वहीं स्कूल के छात्रों ने छठ पूजा की सामग्रियों से भरा डाला भी उठाया. इस दृश्य को देखने ग्रामीणों व स्थानीय लोगों की भीड़ स्कूल परिसर में जुट गयी. लोगों ने मतदाता जागरूकता अभियान को



जन-जन तक पहुंचाने के लिए स्कूली बच्चों के इस अभिनय को मुक्त कंठ से सराहा और इस कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की. इस मौके पर स्कूल के शिक्षकों ने महिला एवं पुरुष मतदाताओं को आगामी 6 नवंबर को होने वाले लोकतंत्र के महापर्व बिहार विधानसभा चुनाव के बारे में विस्तार से बताया. साथ ही इस चुनाव में बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाने की अपील भी की. शिक्षकों ने आस- पास के लोगों को भी मताधिकार के उपयोग करने के लिए प्रेरित किया. उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेगमपुर के शिक्षक शंभू नाथ विद्यार्थी एवं कन्हैया महतो ने बताया कि विद्यालय में प्रत्येक दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम से जुड़ी एक घंटी होती है, जिसमें बच्चों को गीत सिखाए जाते हैं और विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम के गुर बताए जाते हैं. शनिवार को बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम इसी का परिणाम है. मौके पर विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका पंचमुखी कुमारी, शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार, संदीप कुमार, रविशंकर कुमार, अंकुश कुमार, रुबी कुमारी, सुधा कुमारी सहित अनेक शिक्षक, शिक्षिकाएं, छात्र छात्राएं व अभिभावक मौजूद थे.

## नामांकन पत्रों की जांच में सभी 14 प्रत्याशियों का पर्चा मिला वैध

**बेगूसराय / राष्ट्र संवाद ब्यूरो**

**14 उम्मीदवारों ने दाखिल किया था नामांकन, 20 अक्टूबर तक नाम वापसी**

तेघरा विधानसभा 143 अंतर्गत ऑब्जर्वर अश्विन अशोक एवं निर्वाचन पदाधिकारी सह एसडीओ राकेश कुमार के उपस्थिति में 18 अक्टूबर शनिवार को भारत निर्वाचन आयोग के गाईडलाइन के अनुसार नामांकन पत्रों की जांच की गई। जांचोपरांत सभी 14 प्रत्याशियों का नामांकन पत्र सही पाया गया है

इस तरह से 14 उम्मीदवार चुनावी मैदान में अपना भाग्य आजमाएंगे।

विधानसभा 2025 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 143 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र तेघड़ा हेतु निर्वाचन पदाधिकारी सह एसडीएम राकेश कुमार की अध्यक्षता में नामांकन पत्रों की



जांच की गई। 10 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले नामांकन के अंतर्गत कुल 14 में से नामांकन प्रपत्रों के जांच के उपरांत सभी नामांकन पत्र पूर्ण रूप से सही मानक के अनुसार पाए जाने पर सभी 14 प्रत्याशियों का पर्चा स्वीकृत हुआ है।

जिनमें भारतीय जनता पार्टी से रजनीश कुमार, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से रामरतन सिंह, जन सुराज पार्टी से राम नंदन सिंह , जनशक्ति जनता दल से चंद्र प्रकाश सिंह, समता पार्टी से अविनाश भारती, बहुजन समाज पार्टी से मोहम्मद शकील, निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में ललन कुंवर ,रामकुमार सिंह,मृणाल कुमार, राम पुकार ठाकुर बसंत कुमार, सुधा भारती ,अवधेश कुमार ,केदारनाथ भास्कर सभी उम्मीदवार का पर्चा स्वीकृत हुआ है। अब प्रत्याशियों के नाम वापसी की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर है।इस अवसर पर सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, निर्दलीय प्रत्याशी गण आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### मध्य विद्यालय कैलाशपुर के प्रांगण में मनाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



**बेगूसराय/ राष्ट्र संवाद ब्यूरो**

उत्क्रमित मध्य विद्यालय कैलाशपुर के छात्रों ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नृत्य,संगीत,पेंटिंग,रंगोली बनाकर मतदाताओं को मतदान के महत्व के बारे में बताया इस अभियान के तहत छात्रों ने हाथों में तख्तियां लेकर मतदाताओं के मतदान के बारे में बताया । इन तख्तियों पर विभिन्न नारे लिखे थे जिनका उद्देश्य लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करना था । तख्तियों पर लिखे नारों में ₹ देश तरक्की तभी करेगा ,हर वोटर जो वोट करेगा। ₹लालच देकर वोट जो मांगे ,वो भ्रष्टाचार करेगा आगे।जो बांटे दारू और नोट, उसको कभी न देंगे वोट₹ ।₹बनो देश के भाग्य विधाता,अब जागो प्यारे मतदाता₹, ₹पहले करे मतदान,फिर करे जलपान₹और जन-जन का यही नारा, मतदान अधिकार हमारा₹जैसे संदेश शामिल थे।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री कृष्ण दास ने छात्रों को संबोधित करते हुए बोले की सभी अभिभावक को वोट के दिन सभी काम को छोड़कर अपने-अपने वोट निश्चित रूप से गिराए।

कला शिक्षक उपेन्द्र चौधरी ने कहा कि समाज के लिए हर वोट कीमती है यह न केवल हमारे अधिकार का प्रतीक है बल्कि जिम्मेदार नागरिक होने का प्रमाण भी देता है प्रत्येक मतदाता को स्वयं मतदान के साथ-साथ अपने परिवार और पड़ोसियों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक ने भी बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं बल्कि जिम्मेदारी भी है आने वाले समय में यही बच्चे जागरूक मतदाता बनकर समाज और देश की दिशा तय करेंगे ।

विद्यालय के छात्राओं का उत्साह देखकर उपस्थित लोग भी काफी प्रभावित हुए मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकों का भरपूर सहयोग रहा।

### दीपावली और छठ को लेकर विशेष कार्यक्रम का आयोजन: बच्चों ने दी प्रस्तुति



**बेगूसराय/ राष्ट्र संवाद ब्यूरो**

तेघड़ा प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय पकठौल में दीपावली और छठ पर्व को लेकर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रधानाध्यापक कृष्णदीप पंडित ने दीप प्रज्वलित कर किया।

छात्र-छात्राओं ने छठ महापर्व की महत्ता पर आधारित नाटक एवं गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। दीपावली के कार्यक्रम में बच्चों ने रंगोली बनाई और वातावरण को सुरक्षित रखने का वचन देते हुए विश्वास दिलाया कि आतिशबाजी जैसे प्रदूषण कार्यों से दूर रहेंगे।

प्रदूषित कार्यों से रहने का विश्वास दिलाया

मौके पर प्रधानाध्यापक कृष्णदेव पंडित ने कहा कि दीपावली हमें अंधकार से प्रकाश की ओर उन्मुख होने, अज्ञानता को समाप्त कर ज्ञान का प्रकाश फैलाने तथा सदैव इसकी ज्योति बढ़ाने जैसे हितकारी कार्य करने की सीख देता है। इस अवसर पर बच्चों ने रंगोली बनाई तथा वातावरण को सुरक्षित रखने का वचन देते हुए विश्वास दिलाया कि हम आतिशबाजी जैसे प्रदूषित कार्यों से दूर रहेंगे। एक दूसरे के साथ ज्योति जलाकर खुद तथा अपने वातावरण को, समाज को प्रकाशित करेंगे।

आगे कहा कि बिहार में मनाया जाने वाला विशेष त्योहार छठ महापर्व प्रकृति को समर्पित है। यह हमें प्रकृति से जोड़कर रखती है। उन्होंने अपने कर्म के प्रति सच्ची श्रद्धा रखने की सीख दी। छठ की प्रस्तुति में शिक्षक धर्मेंद्र कुमार ,महबूब आलम, उत्तम कुमार, विकास कुमार, दिवाकर कुमार, अभिषेक कुमार ,स्वीटी कुमारी, फिरदौस बानो एवं ममता कुमारी शाहिद सभी शिक्षक एवं अभिभावक मौजूद थे

### विद्यालय में छठ पूजा महोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**भगवानपुर/बेगूसराय** दीपावली एवं छठ पूजा के शुभ अवसर पर पीएम श्री उत्क्रमित मध्य विद्यालय महेशपुर कन्या सह उच्च माध्यमिक विद्यालय महेशपुर में दीपावली एवं छठ पूजा का सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के द्वारा किया गया इस अवसर पर पीएम श्री उत्क्रमित मध्य विद्यालय महेशपुर कन्या के प्रधानाध्यापक श्री प्रमोद कुमार साह संगीत शिक्षक सुशील कुमार एवं प्रदीप कुमार के नेतृत्व में आयोजन किया गया इस मौके पर विजय शंकर प्रसाद राय, धीरज कुमार, युसूफ आजाद ,अभिलाष ,स्वाती ,लालबाबू गोविंद, राजीव आलम ,संजीव कुमार चौधरी इत्यादि सभी शिक्षक संस्कृति कार्यक्रम में सहयोग किया और बच्चों के द्वारा छठ पूजा बहुत ही अच्छे ढंग से इस सांस्कृतिक कार्यक्रम को मनाया गया जिसमें सभी अभिभावक गण भी उपस्थित थे

इस मौके पर श्री प्रमोद कुमार साह ने संबोधित करते हुए कहे कि सांस्कृतिक क्रियाकलाप से ही बच्चों में अपने संस्कृति के प्रति लगाव बढ़ता है और इससे बच्चों में सर्वांगीण विकास होता है

पंजीयन संख्या :JHAHIN01092 स्वामी , प्रकाशक , मुद्रक व संपादक देवानंद सिंह द्वारा अमन प्रिंटर , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर - 3 से मुद्रित तथा अमन पब्लिकेशन राष्ट्र संवाद , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर -3 झारखंड से प्रकाशित ।फोन : 0657 - 2341060 /2344002 मो:09431179542 /09102339999 / 07739802044 / 09334823893

## फीफा रैंकिंग में भारत 136वें स्थान पर खिसका, स्पेन शीर्ष पर



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय फुटबॉल टीम का निराशाजनक प्रदर्शन जारी है। पुरुष सीनियर राष्ट्रीय टीम फीफा विश्व रैंकिंग में 136वें स्थान पर खिसक गई है। नवंबर 2016 के बाद से भारतीय टीम का यह सबसे निचला स्थान है।शुक्रवार को जारी नई रैंकिंग ने भारतीय टीम की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। भारतीय टीम 2026 फीफा विश्व कप और 2027 एएफसी एशियाई कप दोनों की दौड़ से बाहर हो गई है। इंटरकांटिनेंटल कप, सैफ चैंपियनशिप और ट्राई–नेशन सीरीज में 2023 की जीत के बाद एक उभरती हुई टीम के रूप में देखी जाने वाली भारत की किस्मत पिछले एक साल में तेजी से गिरी है। इस साल की शुरुआत में कतर में हुए एएफसी एशियन कप में भारत का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। ग्रुप चरण में तीन हार के साथ बिन एक भी गोल किए टीम बाहर हो गई।

इसके बाद से टीम संघर्ष करती रही है। दो साल से कम समय में तीन मुख्य कोच बदल चुके हैं। सबसे पहले इगोर स्टिमैक को बाहर का रास्ता दिखाया गया, उनके बाद मनोलो मार्केज आए। इस साल की शुरुआत में खालिद जमील को जगह दी गई।

जमील के नेतृत्व में प्रगति की झलकियां दिखाई देने के बावजूद, विशेष रूप से सीएएफए नेशंस कप के दौरान, एक मैत्रीपूर्ण टूर्नामेंट जहां भारत ने रणनीतिक सुधार दिखाया, प्रतिस्पर्धी मुकाबलों में परिणाम निराशाजनक रहे हैं। टीम की किसी प्रतिस्पर्धी मैच में आखिरी जीत लगभग एक साल पहले नवंबर 2023 में कुवैत पर 1–0 की जीत के साथ हुई थी। वैश्विक स्तर पर स्पेन ने फीफा पुरुष रैंकिंग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है, जो विश्व कप विजेता अर्जेंटीना और तीसरे स्थान पर मौजूद फ्रांस से आगे है। इंग्लैंड, पुर्तगाल, नीदरलैंड, ब्राजील और बेल्जियम शीर्ष आठ में शामिल हैं।

## शॉटगन शूटिंग-जोरावर संधू ने एथेंस विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा का कांस्य पदक जीता



**नई दिल्ली।** जोरावर सिंह संधू ने 48 साल की उम्र में अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व चैंपियनशिप शॉटगन 2025 में पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा का कांस्य पदक जीता। संधू ने ये खिताब अपना पहला सीनियर विश्व खिताब जीतने के 27 साल बाद जीता है।शुक्रवार को ग्रीस के एथेंस स्थित मलाकासा शूटिंग रेंज में निशानेबाजी करते हुए भारतीय निशानेबाज ने बारिश, परछाई और सबसे अनुपयुक्त बिब नंबर को पार करते हुए 50 शॉट के फाइनल में पहले 40 में से 31 निशाने साधे। वह पूर्व ओलंपिक चैंपियन और अब विश्व चैंपियन क्रोएशिया के जोसिप ग्लासनोविक (जिन्होंने 44 हिट के साथ स्वर्ण पदक जीता) और जूनियर विश्व चैंपियन स्पेन के एंड्रेस गार्सिया (जिन्होंने 39 का स्कोर के साथ रजत पदक जीता) से पीछे रहे।

मुकाबले के बाद जोरावर संधू ने कहा, यह एक शानदार अनुभव था। शूटिंग के लिए यह एक कठिन रेंज और कठिन परिस्थितियां थीं, लेकिन इसी वजह से हम यहां हैं। मैं अपने परिवार, अपने कोचों और टीम के साथियों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।


# तीरंदाजी विश्व कप : ज्योति सुरेखा वेन्नम ने भारत को जिताया ब्रॉन्ज मेडल

**नई दिल्ली ।** विश्व कप फाइनल में शनिवार को भारतीय तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम ने इतिहास रच दिया है। ज्योति पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाज बन गई हैं।तीसरी वरीयता प्राप्त ज्योति ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरी वरीयता प्राप्त एला गिब्सन को 150-145 से शिकस्त दी। उन्होंने सभी 15 तीरों में 10-10 के निशाने लगाए। एशियन गेम्स चैंपियन ज्योति सुरेखा वेन्नम ने क्वार्टर फाइनल में एलेक्सिस रुइज पर 143-140 से जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की, लेकिन सेमीफाइनल में उन्हें दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी मेक्सिको की एंड्रिया बेसेरा से करीबी मुकाबले में 143-145 से हार का सामना करना पड़ा।

ब्रॉन्ज मेडल मैच में ज्योति ने शानदार वापसी करते हुए लगातार 15 बार 10-10 निशाने लगाए और गिब्सन पर दबदबा बनाते हुए अपने अभियान का शानदार अंत किया।

वर्तमान में महिला कंपाउंड वर्ग में तीसरे स्थान पर काबिज ज्योति ने अपनी वर्ल्ड रैंकिंग के आधार पर नानजिंग में व्यक्तिगत स्पर्धा के लिए क्वालीफाई किया था।

यह विश्व कप फाइनल में ज्योति की तीसरी मौजूदगी थी। वह इससे पहले



ट्लाक्सकाला (2022) और हर्मोसिलो (2023) में भी हिस्सा ले चुकी हैं।

महिला कंपाउंड वर्ग में एक अन्य भारतीय तीरंदाज मधुरा धामनगांवकर को शुरुआती दौर में मेक्सिको की मारियाना बर्नाल के हाथों 142-145 से हार का सामना करते हुए खिताबी रेस से बाहर होना पड़ा।

इस वर्ष ऑबर्नडेल में कंपाउंड मिक्स्ड टीम खिताब जीतने वाले ऋषभ यादव अब मेंस कंपाउंड इवेंट में नजर आएंगे। वे दिन के बाद होने वाले क्वार्टरफाइनल में साउथ कोरिया के किम जोंगहो का सामना करेंगे।

इस साल की शुरुआत में ऑबर्नडेल में कंपाउंड मिक्स्ड टीम इवेंट में जीत दर्ज करने वाले ज्योति और ऋषभ यादव ने अपनी-अपनी रैंकिंग के आधार पर नानजिंग में होने वाले इंडिविजुअल इवेंट्स के लिए क्वालीफाई किया है। वर्ल्ड कप फाइनल में हिस्सा लेने वाले सभी तीरंदाजों ने या तो ऑबर्नडेल, शंघाई, अंताल्या और मैड्रिड में हुए चार वर्ल्ड कप चरणों में से किसी एक को जीतकर या फिर वर्ल्ड कप रैंकिंग के आधार पर क्वालीफाई किया है। भारत ने इस वर्ष हुए चारों आर्चरी वर्ल्ड कप चरणों से कुल 14 पदक जीते। इनमें 3 स्वर्ण, 4 रजत और 7 कांस्य शामिल हैं।

## लीग-1: पीएसजी का पलटवार, रोमांचक मुकाबले में स्ट्रासबर्ग को ड्रॉ पर रोका



**पेरिस ।** पेरिस–सेंट जर्मेन (पीएसजी) और स्ट्रासबर्ग के बीच पार्क डेस प्रिंसेस में खेला गया मुकाबला 3–3 से ड्रॉ पर समाप्त हुआ। इसी के साथ पेरिस–सेंट जर्मेन ने छह गोलों के रोमांचक मुकाबले में एक अंक बचा लिया।पीएसजी ने जोरदार शुरुआत की। मुकाबले के छठे मिनट में ब्रैडली बारकोला के शानदार फिनिश की बदौलत टीम ने 1–0 से बढ़त बना ली। पीएसजी ने शुरुआती 20 मिनट में मैच पर दबदबा बनाए रखा। इस दौरान डूए ने मौके बनाने की कोशिश की, लेकिन बदलाव के दौर से गुजर रही मेहमान टीम सबसे खतरनाक दिखी। जोआकिन पैनिकेल्ली ने लुकास शेवालियर के गोल पर शॉट लगाया, जिससे गेंद की दिशा बदल गई और लेस पेरिसियन्स के शॉट–स्टॉपर को मजबूत बचाव करने पर मजबूर होना पड़ा। रिबाउंड पर, जूलियो एनकिसो ले रेसिंग के लीग 1 स्तर के शॉट को गोल में नहीं बदल सके। स्ट्रासबर्ग और पैनिकेल्ली को ज्यादा देर तक रोका नहीं जा सका। जोआकिन पैनिकेल्ली ने मुकाबले के 26वें मिनट गोल दागा। स्ट्रासबर्ग को ब्रेक के बाद एक और गोल मिला। मोरेरा ने गेंद को पैनिकेल्ली की ओर सरकाकर गोल किया। यह इस सीजन में उनका सातवां गोल रहा। मुकाबले के 49वें मिनट पैनिकेल्ली ने गोल दागते हुए स्ट्रासबर्ग को 3–1 से आगे कर दिया था।इसके बाद 58वें मिनट पीएसजी ने वापसी करते हुए अंतर को 3–2 कर दिया। सेनी मयुलु ने 79वें मिनट मुकाबले का अंतिम गोल दागते हुए स्कोरलाइन को 3–3 कर दिया। इस रोमांचक मुकाबले में दोनों टीमों को एक–एक अंक से संतोष करना पड़ा है। फिलहाल, पीएसजी लीग 1 मैकडॉनल्ड्स में शीर्ष पर बनी हुई है, जो दूसरे स्थान पर मौजूद स्ट्रासबर्ग से केवल एक अंक आगे है।पीएसजी ने अब तक 5 मुकाबले जीते हैं।टीम 2 ड्रॉ और 1 हार के साथ 17 प्वाइंट्स हासिल कर चुकी है, जबकि स्ट्रासबर्ग ने 5 जीत, 2 हार और 1 ड्रॉ के साथ 16 अंक जुटाए हैं।

# रोहित-कोहली वही खिलाड़ी, जिन्हें बचपन में अपना आदर्श मानता था : कप्तान गिल



**नई दिल्ली।** भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच 19 अक्टूबर से वनडे सीरीज की शुरुआत होगी। गिल ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे टीम की कमान संभालने जा रहे हैं। कप्तान ने बताया कि वह बचपन से ही रोहित-कोहली को अपना आदर्श मानते थे।शुभमन गिल ऐसी टीम की अगुवाई कर रहे हैं, जिसमें रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे पूर्व कप्तान मौजूद हैं। इसे आगामी वनडे वर्ल्ड कप की तैयारी में शुरुआती कदम माना जा रहा है, जो साल 2027 में खेला जाएगा। हालांकि, गिल ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि दोनों वरिष्ठ खिलाड़ियों के साथ उनके संबंधों में कोई बदलाव नहीं आया है। कप्तान गिल ने पर्थ में खेले जाने वाले पहले वनडे की पूर्व संध्या पर कहा, मुझे लगता है कि बाहर की कहानी अलग है, लेकिन हमारे बीच कुछ भी नहीं बदला है। सब कुछ पहले जैसा ही है। यह बहुत मददगार है।

26 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, जो कुछ भी वे महसूस करते हैं, उनका अनुभव, जो कुछ भी उन्होंने सीखा है, चाहे वह पिच को पढ़ना हो या किसी भी स्थिति का सामना करना, मैं उनके पास जाता हूं और पूछता हूं कि वे क्या सोचते हैं। अगर वे मेरी जगह होते तो वे इसे कैसे करते? फिर, अपने खेल की समझ के आधार पर फैसला लेता हूं। मुझे लोगों के विचार जानना पसंद है।

उन्होंने कहा, जब भी मुझे किसी चीज को लेकर कोई संदेह होता है, मैं उनके पास जाता हूं। उनके सुझाव लेता हूं। उनकी सलाह लेता हूं। वे मुझे कुछ भी बताने में कभी नहीं हिचकिचाते। मुझे लगता है कि यही अनुभव का असली खजाना है।

उन्होंने कहा, ये वही खिलाड़ी हैं, जिन्हें मैं बचपन में अपना आदर्श मानता था। उनकी जिस तरह की भूख ने मुझे प्रेरित किया, उससे मुझे प्रेरणा मिली। क्रिकेट के ऐसे दिग्गजों का नेतृत्व करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। मुझे यकीन है कि इस सीरीज में ऐसे कई पल आएंगे, जहां मैं उनसे सीख पाऊंगा। अगर मैं किसी मुश्किल स्थिति में आ जाऊं, तो उनसे सलाह लेने से नहीं हिचकिचाऊंगा।

गिल ने कहा, टीम को कैसे आगे बढ़ाया जाए, इस पर रोहित और विराट दोनों के साथ मेरी कई बार बातचीत हुई है। मुझे लगता है कि ये सीख और अनुभव हमारी टीम को आगे बढ़ने में मदद करेंगे।



## किरण नवगिरे ने रचा इतिहास, महिला टी20 का सबसे तेज शतक लगाया

**नागपुर, ।** भारतीय टीम और महाराष्ट्र की सलामी बल्लेबाज किरण नवगिरे ने इतिहास रच दिया है। नवगिरे ने महिला टी20 में सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। शुक्रवार को महिला टी20 ट्रॉफी में नवगिरे ने 34 गेंद पर शतक लगाया।शुक्रवार को महिला टी20 ट्रॉफी में नवगिरे ने 34 गेंदों में शतक लगाया और 35 गेंदों पर 106 रनों की ऐतिहासिक पारी खेली। नवगिरे का शतक 300 से अधिक स्ट्राइक रेट वाली एकमात्र महिला टी20 शतक है। इस पारी की बदौलत महाराष्ट्र ने नागपुर में पंजाब को आठ ओवर पहले ही हरा दिया। पूर्व में महिला टी20 का सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन के नाम था। डिवाइन ने जनवरी 2021 में ओटागो के खिलाफ वेलिंगटन के लिए 36 गेंदों पर शतक लगाया था। उस पारी में डिवाइन ने 38 गेंदों में नाबाद 108 रन बनाए थे। नवगिरे के सामने पंजाब की गेंदबाज बेहद साधारण और असहाय नजर आईं। नवगिरे की आक्रामकता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दूसरे विकेट के लिए मुक्ता नागरे के साथ उन्होंने 103 रन की नाबाद साझेदारी की। इसमें मुक्ता के सिर्फ 6 रन थे। नवगिरे ने अपनी पारी में 14 चौके और सात छक्के जड़े। पुणे से लगभग 200 किलोमीटर दक्षिण–पूर्व में महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के मिरे की रहने वाली नवगिरे ने पहली बार महिला टी20 ट्रॉफी के 2022 संस्करण के दौरान सबका ध्यान अपनी ओर खींचा था, जब उन्होंने नागालैंड के लिए 35 छक्के लगाए थे। वह अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 76 गेंदों में 162 रनों की पारी के दौरान महिला टी20 मैच में 150 से अधिक का स्कोर बनाने वाली पहली भारतीय भी बनीं। बड़े शॉट लगाने की क्षमता ने गी नवगिरे को 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ चेस्टर ली–स्ट्रीट में भारत के लिए पदार्पण का मौका दिलाया था। अक्टूबर 2022 में खेले गए महिला एशिया कप के बाद से उन्हें राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं मिली है। वह भारत के लिए छह मैच खेल चुकी हैं। विमेंस प्रीमियर लीग में वह यूपी वॉरियर्स के लिए खेलती हैं और तीन सीजन की 24 पारियों में 419 रन बना चुकी हैं। नवगिरे भविष्य में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी की तरह बनना चाहती हैं।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे मैचों में सर्वाधिक विकेट लेने वाले टॉप-5 गेंदबाज

**नई दिल्ली, ।** भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे इतिहास की शुरुआत साल 1980 में हुई थी। अब तक दोनों देशों के बीच कुल 152 वनडे मैच खेले गए हैं, जिसमें सर्वाधिक विकेट हासिल करने वाले 5 खिलाड़ियों में दो भारतीय हैं।भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे क्रिकेट में अब तक सिर्फ पांच ही गेंदबाज 40+ विकेट हासिल कर सके हैं। आइए, लिस्ट में शामिल उन पांच गेंदबाजों के बारे में जानते हैं, जिन्होंने भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट हासिल किए हैं। ब्रेट ली – साल 2000 से 2012 के बीच ऑस्ट्रेलिया के इस दिग्गज तेज गेंदबाज ने कुल 32 मुकाबलों की 30 पारियों में 257.1 ओवर फेंके, जिसमें 21



की औसत के साथ 55 विकेट हासिल किए। इस दौरान ली ने भारत के विरुद्ध चार बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट हासिल किए।

कपिल देव – भारत को बतौर कप्तान वनडे विश्व कप खिताब जिताने वाले कपिल देव ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ साल 1980 से 1994 के बीच 41 मुकाबलों में कुल 338.4 ओवर फेंके, जिसमें 45 विकेट हासिल किए। इंग्लैंड के खिलाफ कपिल देव का सर्वश्रेष्ठ 43/5 रहा।

मिचेल जॉनसन – इस ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ने साल 2006 से 2015 के बीच 220.3 ओवरों में कुल 43 विकेट हासिल किए। इस दौरान जॉनसन ने एक बार पारी में पांच विकेट लेने का कारनामा भी किया।

## मैग्नस कार्लसन ने दी टोटल वर्ल्ड चेस चैम्पियनशिप को हरी झंडी, शतरंज में होगा नया फॉर्मेट शुरू

**नई दिल्ली, ।** नॉर्वे के पांच बार के विश्व शतरंज चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने टोटल वर्ल्ड चेस चैम्पियनशिप को अपना समर्थन दिया है, जो शतरंज की दुनिया में अलग–अलग समय नियंत्रणों को मिलाकर आयोजित की जाएगी।

हालांकि इस नए फॉर्मेट की योजना की कुछ शीर्ष खिलाड़ियों द्वारा आलोचना की गई है, कार्लसन ने इसे शतरंज के विकास की दिशा में सोच–समझकर उठाया गया कदम बताया।

**नया फॉर्मेट- तीन समय नियंत्रण**– यह चैम्पियनशिप तीन अलग–अलग समय नियंत्रणों में आयोजित होगी

फास्ट क्लासिकल- 45 मिनट प्रति खिलाड़ी + 30 सेकंड इंक्रीमेंट, जो FIDE के नियमों के तहत क्लासिकल रेटेड गेम में गिने जाएंगे। कार्लसन के अनुसार, कई फॉर्मेट को एक ही खिताब के तहत लाने से खिलाड़ियों की क्षमताओं का व्यापक मूल्यांकन होगा। यह नए समय नियंत्रण आज के खिलाड़ियों और दर्शकों के अनुकूल हैं।

**विश्व जूनियर चैंपियनशिप:**

# तन्वी शर्मा 17 साल में पदक पक्का करने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं

**गुवाहाटी।** तन्वी शर्मा 17 साल में 2025 बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में पदक पक्का करने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने शुक्रवार को नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में जापान की साकी मात्सुमोतो को हराकर लड़कियों के एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया।16 वर्षीय तन्वी ने दबाव में भी अपना संयम बनाए रखा और अपने क्रॉस-कोर्ट स्लाइस हिट्स से विजयी गोल दागे और 47 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मात्सुमोतो को 13-15, 15-9, 15-10 से हराया। इस क्वार्टर फाइनल ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। विश्व जूनियर पदक जीतने वाली आखिरी भारतीय महिला खिलाड़ी साइना नेहवाल थीं, जिन्होंने 2008 में पुणे में हुए टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता था। साइना, जिन्होंने 2006 में रजत पदक जीता था, और अपर्णा पोपट (1996 रजत) प्रतियोगिता के इतिहास में पोडियम पर पहुंचने वाली एकमात्र अन्य भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। शीर्ष वरीयता प्राप्त तन्वी, जिन्होंने इस



साल की शुरुआत में बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप में कांस्य पदक भी जीता था, ने आक्रामक शुरुआत की और ऐसा लग रहा था कि वह नियंत्रण में हैं क्योंकि उन्होंने 10-6 की बढ़त बना ली थी। लेकिन गलतियों की झड़ी ने मात्सुमोतो को वापसी करने का मौका दिया और जापानी खिलाड़ी ने लगातार सात अंक जीतकर बढ़त बना ली। भारतीय खिलाड़ी ने बढ़त तो बना ली, लेकिन गेम हारने से नहीं बच सकीं।

यूएस ओपन की फाइनलिस्ट दूसरे गेम में अपने शॉट चयन को लेकर ज्यादा सहज थीं और उन्होंने 15-9 से जीत हासिल की। हालांकि, तीसरे गेम की शुरुआत में गलतियों ने उन्हें एक बार फिर पीछे धकेल दिया और उन्हें मुकाबला गंवाना पड़ा। तन्वी का अगला मुकाबला चीन की लियू सी या से होगा। चीनी खिलाड़ी ने दूसरे क्वार्टर फाइनल में श्रीलंका की रानीथमा लियानागे को 15-9, 15-6 से हराया।

## भारतीय महिला टीम के लिए करो या मरो की जंग, इंदौर में इंग्लैंड से होगी टक्कर

**इंदौर।** आईसीसी महिला विश्व कप 2025 अपने रोमांचक चरण में पहुंच चुका है और अब भारतीय महिला टीम के सामने करो या मरो की स्थिति है। कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में टीम इंडिया 19 अक्टूबर को इंग्लैंड से भिड़ेगी। लगातार दो हार के बाद भारत की सेमीफाइनल उम्मीदें अधर में लटकी हैं, लेकिन घरेलू दर्शकों का जोश और इंदौर की स्पिन-अनुकूल पिच टीम को वापसी का मौका दे सकती है।

पिछले मैच में भारत को ऑस्ट्रेलिया से 3 विकेट से करीबी हार झेलनी पड़ी थी। ओपनर स्मृति मंधाना और युवा प्रतीका रावल ने 155 रनों की शानदार साझेदारी की थी, लेकिन मध्यक्रम बिखर गया। इस बार टीम को कप्तान हरमनप्रीत, जेमिमा रोड्रिग्स और ऋचा घोष से बड़े प्रदर्शन की उम्मीद है।

भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी स्पिन जोड़ी – दीप्ति शर्मा और स्नेह राणा – होंगी। होलकर स्टेडियम की पिच गेंद को टर्न देती है, और जैसे-जैसे दिन बढ़ेगा, बल्लेबाजी और मुश्किल होगी। ऐसे में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को बड़ा स्कोर बनाना होगा।



इंग्लैंड की टीम अब तक टूर्नामेंट में अजेय रही है, लेकिन उसका मध्यक्रम थोड़ा अस्थिर दिखा है। अगर भारत के स्पिनर लय में आए और मंधाना-रावल की जोड़ी फिर चमकी, तो भारत की वापसी तय है। होलकर में रिकॉर्ड भी भारत के पक्ष में हैं – यहां पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों को फायदा हुआ है। ऐसे में टॉस का महत्व बढ़ जाएगा। भारत के पास दर्शकों का साथ है, और यही ऊर्जा इस मुकाबले को यादगार बना सकती है।

**भारतीय टीम की संभावित प्लेइंग इलेवन-** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, प्रतीका रावल, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, स्नेह राणा, क्रांति गौड़, श्री चरणी।

**इंग्लैंड टीम की संभावित प्लेइंग इलेवन:** नैट शिवर-ब्रंट (कप्तान), टैमी ब्यूमोंट, एमी जोन्स (विकेटकीपर), हीथर नाइट, सोफिया डंकले, एलिस कैप्सी, चार्लोट डीन, सोफी एक्लेस्टोन, सारा ग्लेन, एम्मा लैम्ब, लिंसे स्मिथ।